इस सम्बन्ध में मैं एक बात और कहना चाहता हूं । सुधीर साहब ने कहा कि वह एयर क्राफ्ट कैरियर हुगली के मुहाने पर आ गया था । हमारे हरवानी साहब मौजूद हैं और साहब भी मौजूद हैं । हमारे सुधीर घोष साहब यह भूल गए कि 12 मील तक टैरीटोरियल वाटर होता है और उस टैरीटोरियल वाटर में कोई भी विदेशी शक्ति नहीं आ सकती बिना उस मुल्क की रजामन्दी के । उस वक्त हम लोग भी यहां मौजद थे, सारी पार्लियामेंट मौजूद थी । अगर कोई ऐसी बात होती तो पाकिस्तान चिल्लाता, चीन चिल्लाता क्योंकि ब आफ बंगाल कोई छिपी चीज नहीं है । कलकत्ता, जहां कि एयरक्राफ्ट कैरियर बताया जाता है, से पाकिस्तान की सीमा चालीस मील दूर है । अगर वहां एयर क्राफ्ट कैरियर होता तो पाकिस्तान को अवश्य मालूम होता । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि ये बातें बिल्कुल मिथ्या हैं और जो बातें इस संबंध में की गयीं वे शोभनीय नहीं थीं ।

अब मैं कुछ बातें बजट के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । बजट पर बोलते हुए श्री नाथ पाई जी ने थोड़ी सी डिफेंस सेविंग सरटिफिकेटस के बारे में चर्चा उठायी थी । मैं भी इस सम्बन्ध में कहना चाहता हूं कि जहां तक इन सरटिफिकेटस का सम्बन्ध है इस बजट के कारण इन में कोई एक पैसा भी इनवेस्ट करने वाला नहीं है । सेविंग सर्टिफिकेट का सम्बन्ध किस से है ? ग़रीब जनता से है जोकि देहातों में है जोकि डाकखानों में जा कर अपना पैसा जमा कराती है । आप ने जो बैंक रेट बढ़ाया है उस का फ़ायदा अरबन पापुलेशन को ही मिलता है । अरबन पापुलेशन जिस के कि पास काफ़ी रुपया होता है वह बैंकों में अपना रुपया लगा सकती है लेकिन उस देहाती जनता को जोकि 100, 200, 300 और 400 रुपया डिफेंस सर्टिफिकेट के रूप में जमा करती है उन को आप ने क्या रिलीफ़ दी है ? श्री नाथ पाई ने इस सम्बन्ध में कहा है लेकिन जो आंकड़े उन्होंने दिये हैं वे ठीक नहीं हैं । मैं आप की पुस्तक से उस सम्बन्ध में ठीक आंकड़े देता हूं । आज अगर आप 100 रुपया पांच साल के लिए बैंक में डिपाजिट करते हैं तो बैंक के सूद की दर साढ़े सात परसेंट है जैसाकि आज के अख़बार में भी दिया हुआ है । इस का अर्थ यह हुआ कि पांच वर्ष के लिए अगर कोई व्यक्ति बैंक में 100 रुपये जमा करता है तो उसे 138 रुपये 8 आने मिलेंगे लेकिन अगर वही आदमी 12 वर्ष के लिए डिफेंस सर्टिफिकेट के रूप में उस रक़म को जमा करता है तो पांच वर्ष में उस को 120 रुपये मिलेंगे ।

[श्री रघुनाथ सिंह]

दुनियां में कौन शख्स ऐसा पागल है जोकि डिफेंस सर्टिफिकेट में पांच साल के लिए अपने सौ रुपये जमा कर के पांच साल के बाद केवल 120 रुपया पाना चाहेगा ? अगर बैंक में वही 100 रुपया वह 5 वर्ष के लिए जमा करा देता है तो उस को 138 रुपये 8 आने मिलेंगे । इस प्रकार से आप देखेंगे कि साढ़े 13 रुपये का उस को फ़ायदा होता है । आपके 12 वर्ष के डिफेंस सर्टिफिकेट उसे 100 के 175 मिलते हैं अर्थात साढ़े 6 परसेंट सूद आप उसे देते हैं । साढ़े 6 परसेंट सूद उस को इस में 12 साल के बाद मिलता है लेकिन अगर वही रुपया कोई व्यक्ति बैंक में जमा कराता है तो उसे साढ़े 7 परसेंट सूद मिलता है ।

हमारे मिनिस्टर साहब ने अपने भाषण में कहा है कि डिफेंस सर्टिफिकेटस को भी हम टैक्सेबुल करने जा रहे हैं । ठीक है, आप कीजिये लेकिन आप याद रखिये कि इस से यह जो स्कीम है वह चलने वाली नहीं है । इस तरह से आप की यह डिफेंस सर्टिफिकेटस की स्कीम चल नहीं सकती है क्योंकि यह बिलकुल आर्थिक नहीं है ।

दूसरी बात मैं शेयर के बारे में कहना चाहता हूं । कम्पनियों के इक्विटी शेयर्स जिन को कि आर्डिनेरी शेयर्स कहते हैं उन के डिवीडेंड के ऊपर टैक्स लगाया है, उस को अनअर्न्ड इनकम आप ने माना है तो मैं कहना चाहता हूं कि आर्डिनेरी शेयर, इक्विटी शेयर्स जो होते हैं उन से फ़ायदा भी हो सकता है और उन से नुक़सान भी हो सकता है क्योंकि कम्पनी अगर लिक्विडेशन में जाती है तो इक्विटी शेयर वाला हमारा रुपया सब समाप्त हो जायेगा । लेकिन इसी प्रकार से अगर बैंक में हम रुपया जमा कराते हैं तो बैंक की श्योरिटी होती है और वह रुपया वापिस हो जायेगा । अब जबकि साढ़े सात परसेंट बैंक से आप ने सूद देना शुरू किया है तो इस इक्विटी कैपिटल में कौन ऐसा पागल है जोकि अपना रुपया इनवेस्ट करेगा ? अगर 100 रुपया हम ने बैंक में जमा करा दिया तो वहां पर साढ़े परसेंट सूद हमारा बिलकुल निश्चित है लेकिन अगर हम वही रुपया इक्विटी शेयर में लगायें तो वह रिटर्न निश्चित नहीं है । पता नहीं कम्पनी प्राफिट करेगी या नहीं करेगी । लेकिन उस के ऊपर आप ने टैक्स लगा दिया जो रुपया कि हम इंडस्ट्रीज़ में लगाते हैं । बैंक में जो रुपया हम जमा कराते हैं और जिस पर कि वह हमें साढ़े सात परसेंट सूद देते हैं तो वह बैंक भी अपना रुपया इंडस्ट्रीज़ में लगाने के लिए देते हैं और जाहिर है कि वह बैंक जब किसी कम्पनी को रुपया लोन देगा तो 9 परसेंट पर देगा या 10 परसेंट सूद पर देगा । यह बर्डन कहां पड़ेगा ? 9 परसेंट या 10 परसेंट सूद जोकि बैंक कम्पनियों और इंडस्ट्रीज़ से लेंगे तो यह बर्डन आख़िर जा कर पड़ेगा कहां ? यह बोझा गरीब कंज्यूमर्स पर ही पड़ेगा । यह इंडस्ट्री के ऊपर पड़ेगा और जो इक्विटी कैप्टिल है और जोकि शेयर के रूप में पबलिक का आने वाला है उस रुपये का फ्लो आपने बन्द कर दिया है । इस वास्ते मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो एक कृत्रिम आर्थिक व्यवस्था है इस कृत्रिम आर्थिक व्यवस्था के कारण आप के उद्योग, धंधे पनपने वाले नहीं हैं । इस वास्ते मैं कहना चाहता हूं कि अगर बैंक में जमा किया हुआ रुपया और सिक्योरिटी का रुपया अर्न्ड इनकम है तो शेयर पर जो डिवीडेंड मिलता है वह रुपया उद्योग धंधों में लगा है उस को भी अर्न्ड इनकम के रूप में मानना चाहिये । कारण मैं यह देना चाहता हूं कि आज मार्केट को आप देखिये । मार्केट का बैरोमीटर क्या है ? इस सम्बन्ध में मैं आप को दो मिलों का हवाला देना चाहता हूं । कैलिको मिल का बजट आने से पहले शेयर 1200 रुपये का

था आज उस 1200 रुपये का दाम है 600 रुपया । इसी तरह से अरविंद मिल के शेयर का दाम बजट के पहले 1200 था लेकिन अब उस का दाम 500 हो गया है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप ऐसी व्यवस्था करें ताकि जो कम्पनियां हैं उन में लोग ज्यादा रुपया इनवैस्ट करें ताकि उस रुपये से देश का काम चले । बैंक रेट सूद की आप ने साढ़े 7 परसेंट कर दी है तो इस बैंक रेट के ज्यादा हो जाने का बर्डन किस पर पड़ेगा ? यह सारा भार उस कंज्यूमर रूपी गदहे के ऊपर आ कर पड़ने वाला है । गरीब जनता के ऊपर ही यह सारा आप का बोझा पड़ने वाला है । उस गदहे के ऊपर लगातार बोझा बढ़ाते जाना एक अनुचित और नाइंसाफ़ी की बात है ।

एक मिनट में मैं कारपोरेट सैक्टर के टैक्सेशन के बारे में कह कर समाप्त कर दूंगा । कारपोरेट टैक्सेशन के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि आप का कारपोरेट टैक्सेशन दुनिया में सब से ज्यादा है । हिन्दुस्तान में यह 70 परसेंट है । इंगलैंड में 54 परसेंट है, अमरीका में 48 परसेंट है, जर्मनी में 51 परसेंट है और जापान में 38 परसेंट है । आखिर क्या कारण है कि जापान और जर्मनी की इंडस्ट्रीज़ पनपीं ? यह दोनों युद्ध में ध्वस्त हो गये थे लेकिन वहां पर इंडस्ट्रीज़ पनपीं । अमरीका जोकि एक समृद्धिशाली और पूंजीवादी राष्ट्र कहा जाता है उस ने 48 परसेंट से ज्यादा टैक्स नहीं लगाया । इंगलैंड ने 54 परसेंट से ज्यादा टैक्स नहीं लगाया लेकिन हमारा टैक्सेशन का जो स्ट्रक्चर है वह करीब करीब 70 परसेंट होता है इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि कारपोरेट टैक्सेशन की इस स्कीम को फिर से रिवाइज़ करना चाहिए ।

अन्त में मैं भारतीय रुपये के मूल्य की गिरावट के बारे में कहना चाहता हूं जैसा कि श्री बजाज ने उस दिन पार्टी मीटिंग में कहा था । पौंड का दाम जोकि पहले 18 रुपये था आज उसका दाम 28 रुपये है । जो पौंड हमें पहले 18 रुपये में मिलता था और यह बजट के पहले की बात है वही एक पौंड के लिए हम को अब 28 रुपये देने पड़ते हैं । इसी तरह से पाकिस्तान में आप देखिये कि जहां से हिन्दुस्तान के 70 रुपये के बदले में हमें पाकिस्तान के 100 रुपये मिलते थे आज बात उलटी हो गई है और आज हिन्दुस्तान के 100 रुपये के एवज़ में पाकिस्तान के 99 रुपये मिलते हैं ।

श्री कमलनयन बजाज (वर्धा) : हिन्दुस्तान के 99 रुपये के बदले में पाकिस्तान के 100 रुपये मिलते हैं ।

श्री रघुनाथ सिंह : अब मैं एक, एक रुपये का हिसाब किताब तो रखता नहीं हूं, मैं तो ठाकुर आदमी हूं । कहने का मेरा मतलब यह था कि हिन्दुस्तान के रुपये का मूल्य निरन्तर गिरता जा रहा है । हमारे रुपये का भाव जोकि 3, 4 महीने पहले बहुत ज्यादा था, पाकिस्तान से हमारा रुपया क़रीब क़रीब एक तिहाई ज्यादा था, इंगलैंड के पौंड से करीब करीब 10 रुपये हमारा रुपया ज्यादा था आज हम उस से कितने नीचे गिर गये हैं ? हमारे रुपये की वैल्यू क्या हो गयी है ? हमारे रुपये की वैल्यु कम होती गई है । इस वास्ते मैं कहना चाहता हूं कि हमें इस पर एक नये ढंग से विचार करना चाहिये और इस ढंग से विचार करना चाहिए ताकि हमारी इंडस्ट्रीज़ बढ़ें ।

होर्डेड इनकम, अनएकाउंटेड मनी के बारे में मैं एक सुझाव देना चाहता हूं । हो सकता है कि जो सुझाव मैं देने जा रहा हूं वह अंसार भाई को अच्छा न लगे । मेरा यह कहना है कि आप होर्डेड मनी, अनएकाउंटेड मनी क्यों कहते हैं ? आप चाहते हैं कि वह बाज़ार में आये, बैंक में वह जमा

[श्री रघुनाथ सिंह]

किया जाये और ऐसा आप इसलिए कहते हैं कि उस मनी का यूटिलाइजेशन हो और वह रुपया देश निर्माण के कार्यों में लग सके। इसीलिए मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि जो अनएकाउंटेड मनी हो, जो होर्डेड मनी हो अगर उस रुपये को कोई किसी इंडस्ट्री में लगाये तो उस पर कोई टैक्स न लिया जाय। उसके लिए उस आदमी पर कोई जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए। अगर मेरे पास बीस लाख रुपया है जो मैंने रखा हुआ है—चाहे वह रुपया मैंने कहीं से भी लिया हो,—और अगर मैं वह रुपया इंडस्ट्री में लगाता हूं, तो उससे हिन्दुस्तान की इंडस्ट्री बढ़ेगी, हिन्दुस्तान के उद्योग-धंधे बढ़ेंगे और हिन्दुस्तान का रुपया हिन्दुस्तान में रहेगा। आशा है कि वित्त मंत्री महोदय मेरे इस सुझाव पर विचार करेंगे।

15 hrs.

श्री गौरी शंकर कक्कड़ (फतेहपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, हर वर्ष सरकार अपना बजट पेश करती है और सरकार का लेखा-जोखा बनता है। इस वर्ष के बजट के बारे में यह दिखावटी प्रशंसा की जा रही है कि केन्द्रीय सरकार की ओर से जो बजट पेश किया गया है, वह घाटे का बजट नहीं है। मुझे यह निवेदन करना है कि अगर आप गत तीन चार, छः वर्षों के बजटों का अवलोकन करें—चाहे वे प्रदेशों के हों या केन्द्र के—, जो कि डेफिसिट बजट अर्थात् घाटे के बजट थे, जब उन को कार्य रूप में परिणत किया गया, तो यह पता चला कि उस में अधिक धन आ गया और घाटे की बात नहीं रही।

असल में हमारे देश में बजट बनाने में एक जादूगरी का काम हो रहा है और वह जादूगरी यह है कि अपना खर्चा तो बहुत ज्यादा बढ़ा कर दिखाया जाये और अपनी अनुमानित आमदनी कम कर के दिखाई जाये, ताकि देशवासियों के सामने यह प्रकट किया जाये कि टैक्सेशन की जरूरत है। परन्तु जब साल के दौरान में काम चालू होता है, तो यह प्रतीत होता है कि आमदनी बहुत ज्यादा बढ़ गई और खर्चे में बहुत कमी हो गई। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जाहिरा तौर पर जो यह दिखाया गया है कि इस बार का बजट डेफिसिट बजट नहीं है, वह कोई प्रशंसनीय कार्य नहीं है। मेरा मत है कि बजट बनाने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अनमानित आमदनी और खर्चे में बहुत ज्यादा—लाखों करोड़ों रुपये का—अन्तर नहीं होना चाहिए।

जब किसी भी देश का बजट बनता है, तो हर वर्ष हम को यह देखना चाहिए कि उस राष्ट्र के सामाजिक जीवन, आर्थिक जीवन और नैतिक जीवन पर बजट का क्या प्रभाव पड़ता है और हम ने उस दिशा में कितनी तरक्की की है। मुझे प्रतीत होता है कि जिस सरकार ने समाजवादी आर्थिक व्यवस्था स्थापित करने का संकल्प लिया है, अभी उस सरकार का मस्तिष्क इस बारे में साफ नहीं है। उस का एक कारण यह है कि उस सरकार को चलाने वाले जो व्यक्ति हैं—कांग्रेस पार्टी, हाई कमांड या सिंडीकेट, आप उस को चाहे जिस नाम से याद करें—उनका मस्तिष्क इस विषय में साफ नहीं है। उनमें से कुछ लोगों का मत है कि सरमायादारी बढ़ानी चाहिए। और कुछ लोगों का मत है कि समाजवाद की स्थापना करनी चाहिए। जब उन में आपस में इस तरह का मतभेद है, तो समाजवादी व्यवस्था के बारे में जो कोई भी संकल्प लिया गया है, शुद्धता के साथ उस पर अमल नहीं किया जा सकता है।

मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि हम को यह देखना है कि क्या हम वास्तव में समाजवाद की ओर बढ़ रहे हैं या नहीं। उस को देखने के लिए सब से बड़ी कसौटी यह है कि हमारी पापुलेशन में 75 फीसदी से अधिक जो कृषक हैं, जो देहाती क्षेत्र में रहते हैं, उनका जीवन-स्तर बढ़ा

है या नहीं, उन की आर्थिक दशा सुधरी है या नहीं । जब कभी भी समाजवादी दृष्टिकोण को सामने रख कर बजट बनाया जाये, हमारा ध्यान इस ओर होना चाहिए । इस के बारे में मुझे यह कहना है कि हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री जी ने खुद इस बात को स्वीकार किया था कि स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद पन्द्रह वर्ष के हमारे शासन-काल में कुछ मुटठी भर पूंजीपतियों ने इतना धन संग्रहीत किया है, जो ब्रिटिश काल में 100 वर्षों में भी संग्रहीत नहीं किया जा सका था । यह इस तथ्य की ओर संकेत है कि जो मुट्ठी भर लोग हैं, जो बिड़ला या टाटा हाउसिज हैं, उन का धन बढ़ा, परन्तु हमारी पापुलेशन में जो अस्सी फीसदी कृषक हैं, उन की ओर कतई किसी तरह से ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

अगर इस बजट में पूंजीपतियों और बड़े लोगों से उन के बकाया टैक्सिज को वसूल करने के लिए कोई कदम उठाया जाता तो मुझे खुशी होती । उन लोगों को एक सब से बड़ा प्रिविलेज यह मिलता है कि वे टैक्सिज से बचते हैं और उन के ऊपर जो टैक्सिज होते हैं, वे बकाया में पड़ जाते हैं । मैं इस बारे में कोई आंकड़े नहीं दूंगा, लेकिन बकाया टैक्सिज करोड़ों रुपये में हैं । इस की तुलना में अगर एक गरीब किसान अपने एक दो एकड़ पर जो पांच रुपये प्रति-वर्ष भी लगान देता है, अगर वह उस को समय पर न दे पाए, तो उस की गिरफ्तारी हो जाती है, या उस की कुर्की हो जाती है । परन्तु बड़े सरमायादारों के सम्बन्ध में ऐसी कोई व्यवस्था करने के लिए सरकार ने नहीं सोचा है । कानून तो अपनी जगह पर बन गए, लेकिन उन पर अमल नहीं किया जाता है, उन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है ।

मैं मानता हूं कि हमारे देश में जो मुट्ठी भर कैपिटलिस्ट हैं, जो धन को संग्रहीत करते हैं, जो मोनोपलिस्ट हैं जिनके यहां कनसेन्ट्रेशन आफ वैल्थ होता है, उन की गिनती कम है । वह तो एक वर्ग हमारे देश में था ही, लेकिन आप मुझे यह कहने की इजाजत दें कि हमारी सरकार ने एक और नया वर्ग पैदा कर दिया है, जो कि उन पूंजीपतियों का बिल्कुल मुकाबला करता है । वह वर्ग है "हमारे देश के मिनिस्टर्ज, उन की बीवियां, उन के भाई और भतीजे ।" यह चीज खुली हुई है और एक नहीं, कई प्रमाण इस प्रकार के मिले हैं, जिन के आधार पर हम कह सकते हैं कि उस वर्ग को जीवित रखा जा रहा है, उस को बढ़ाया जा रहा है ।

अभी कुछ दिन पहले हमारे मित्र, श्री कामत ने इसी सदन के सामने सी० बी० आई० की रिपोर्ट रखी, जिस के लिए मैं उन की प्रशंसा करता हूं उन्होंने सही मानों में एक बहुत बड़ी सेवा की है कि दिन-दोपहर जो इस तरह से लूट-मार हो रही है, उन्होंने उस को सामने दिखाया है । श्री चागला ने इस विषय में यह कहा कि यह मारल स्टैंडर्ड नहीं है और अगर श्री कामत के स्थान पर वह होते, तो वह उस व्यक्ति को पुलिस के सुपुर्द कर देते, जिस ने यह कागज दिया । मैं समझ नहीं पाया कि चागला साहब ने वास्तव में यह बात अपनी ओर से कही या पार्टी ने उन को बलि का बकरा बना कर इस सदन में यह दलील देने के लिए मजबूर किया । मैं बिल्कुल नहीं समझ सकता कि एक इतना योग्य जज, इतना योग्य वकील किस तरह ऐसी बात कह सकता है । उन्होंने एक बार नहीं, तीन बार कहा कि कैबिनेट सब-कमेटी के सामने उन के खिलाफ प्राइमा-फेसी केस सिद्ध हुए । जो कानून का थोड़ा सा भी ज्ञान रखता है, मैं उस से पूछना चाहता हूं कि अगर किसी नागरिक के खिलाफ प्राइमा-फेसी आफेंस सिद्ध हो जाये, तो उस के खिलाफ क्या कानूनी कार्यवाही होती है । अगर वह सेशन ट्रायल का केस है, तो उस का कमिटमेंट हो जाता है, उस का ट्रायल होता है और उस के बाद उस को सजा दी जाती है, अथवा वह छूट जाता है । लेकिन जिन व्यक्तियों के बारे में सी० बी० आई० ने अपनी रिपोर्ट दी थी, उनके खिलाफ प्राइमा-फेसी आफेंस

[श्री गौर शंकर ककड़]

सिद्ध होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस का अर्थ तो यह है कि एक साधारण नागरिक के लिए एक कानून है और एक चीफ मिनिस्टर या हाई कमांड के सदस्य के लिए दूसरा कानून है। फिर भी हमारे छागला साहब को इस बात का साहस होता है कि वे मारेल स्टैंडर्ड की बात इस सदन में कहते हैं। क्या मैं उन से यह पूछूं कि क्या यह मारेल स्टैंडर्ड है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ प्राइमा फैसाई आफेंस सिद्ध हो गया और यह कि वह व्यक्ति इस काबिल नहीं रहा कि वह चीफ मिनिस्टर रहे या वाइस-प्रेजीडेंट प्लानिंग बोर्ड का रहे, तो यह तो ठीक है कि वह उस में नहीं रहेगा लेकिन वह संस्था जिस को वह आदमी रिप्रेजेंट करता है और वह संस्था जो हमारे देश पर आज शासन करती है, उसका सब से बड़ा जो हाई कमाण्ड है, उस में वह व्यक्ति अब भी मौजूद रह सकता है, उस में वह बना रह सकता है? अगर वह बना रहता है तो हम किस मुंह से मारेल स्टैंडर्ड की बात कर सकते हैं? समझ में नहीं आता है कि एक करप्ट, एक भ्रष्ट व्यक्ति जिस के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सिद्ध हो जायें, वह किस तरह से किसी संस्था की वर्किंग कमेटी को डामिनेट कर सकता है? यह कहां की शुद्धता है और कहां की पवित्रता है, कहां की चरित्रता है? ऐसी अवस्था में कैसे आप नैतिक बातों की दुहाई हमारे सामने दे सकते हैं।

सरकार का यह एक स्वभाव हो गया है कि जो ब्लैकमार्किटर है जो वाकई में नाजायज तरह से धन पैदा करता है, उसको वह छिपाये उसको वह बचाये। चुनाचे हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने जो स्पीच दी उसमें उन्होंने जो चोरबाजारी का रुपया है, ब्लैक मनी है, उसके बारे में जो योजना रखी है उसमें उन्होंने भी इस बात को कहा है कि 40 परसेंट तो उनका जमा होगा बैंक में और साथ ही ये शब्द भी कहे हैं कि ऐसे किसी आदमी का नाम प्रकाशित नहीं किया जाएगा। बहुत अच्छा साहब। जिन लोगों ने ब्लैक किया है, जिन्होंने ब्लैकमार्किटिंग करके धन का संग्रह किया है उनके नाम प्रकाशित न किये जायें, यह बात समझ में नहीं आती है। उसके साथ साथ आप देखें कि आज यह भी कहा जाता है कि जितने का हमारा गजट है उससे भी अधिक ब्लैक मनी सर्क्युलेशन में है लेकिन फिर भी उसके साथ साथ यह भी कह दिया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों के नाम प्रकाशित नहीं किये जायेंगे। तब क्या व्यवस्था की जाएगी, उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की जाएगी या नहीं इसका कोई भी संकेत उन्होंने अपने भाषण में नहीं किया है। मैं समझता हूं कि कोई भी कानूनी कार्रवाई उनके खिलाफ नहीं हो सकती है क्योंकि आपने कोई ऐसा कानून ही नहीं बनाया है।

अभी हाल ही में हमारे देश में खाद्यान्नों का बड़ा अभाव रहा है, अन्न का बहुत बड़ा संकट हमारे सामने रहा है। परन्तु इसके निवारण के लिए आपने क्या किया है? हमारी केन्द्रीय सरकार और प्रान्तीय सरकारों ने इस बात को बड़े जोरों से कहा कि हम कानून बनायेंगे, हम सुरक्षित भंडार बनायेंगे और जिन के पास से निर्धारित मात्रा से अधिक गल्ला निकलेगा उनको हम दंड देंगे। अभी आंकड़े समस्त देश के निकले हैं। उनको देखने से मालूम हुआ है कि उत्तर प्रदेश में जहां जबर्दस्त संकट रहा वहां केवल एक आदमी का कनविक्शन हुआ है। होता क्या है? होता यह है कि कानून तो आप बनाते हैं परन्तु उन कानूनों को आप ब्लैकमार्किटियर्ज के खिलाफ या उनके खिलाफ जो सही मानों में देशद्रोही हैं अमल में नहीं लाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि स्थिति को आप सम्भाल नहीं पाते हैं और रोज-ब-रोज स्थिति बिगड़ती चली जा रही है।

जहां तक कृषक का सम्बन्ध है उसको भी इस बजट में कोई विशेष सुविधा नहीं दी गई है। सब से बड़ा अभाव जो कृषक के सामने उत्पादन के रास्ते में रुकावट बन कर खड़ा होता है, एक यह है कि उसको समय पर रुपया नहीं मिलता है, दूसरे उसको समय पर रसायन खाद, बीज आदि नहीं मिलते हैं और तीसरा यह कि समय पर सिंचाई की व्यवस्था नहीं होती है। इन तीनों में से किसी भी बात पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। आज भी हम कोआपरेटिव सैक्टर की बात करते हैं। उसके द्वारा कृषक को लोन दिये जा रहे हैं। उनकी हालत यह है कि 23 परसेंट के आस-पास ही लोनिंग होता है। आपने अभी ब्याज की दर बढ़ाई है। अभी तक तो कृषक को नौ परसेंट ब्याज देना पड़ता था परन्तु इस बढ़ोतरी के बाद इस दर में एक डेढ़ परसेंट की और वृद्धि हो जाएगी। ऐसे तरह की जो चीजें हैं, इनको भी आपको देखना चाहिये।

जहां तक खाद का सम्बन्ध है हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब खुद देश में रसायन खाद तैयार न करके बाहर से मंगाने पर अधिक जोर देते दिखाई देते हैं। वहां पर दाम भी अधिक देंगे। अभी जो दाम कृषक खाद के दे रहा है वे पहले ही अधिक हैं और अब हो सकता है और अधिक हो जायें। लेकिन इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। कृषि सम्बन्धी जो वस्तुयें हैं उन के क्या भाव हैं और कितना लागत खर्च उसका उनमें आता है, इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं चाहता हूं कि इस ओर भी ध्यान दिया जाए। उनको आवश्यक सुविधायें देने की तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये।

आज जो बैंक रेट बढ़ाया गया है उसमें भी इस बात का भय है कि यह दुधारी तलवार सिद्ध न हो। अभी हमारे मित्र रघुनाथ सिंह जी ने कहा है कि जो पैसा बचा हुआ है लोगों के पास उसको कभी भी किसी धंधे में या व्यवसायों में न लगा कर सुरक्षित रखने के लिए बैंकों में जमा करवा दिया जाएगा और इसका सूद बराबर लोग हासिल करते रहेंगे। यह जो चीज है इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिये।

समाजवादी अर्थ व्यवस्था की बात की जाती है। हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने अपनी बजट स्पीच में तीन स्लोगन खास तौर से इसके सम्बन्ध में रेज किये हैं। एक तो उन्होंने यह कहा है कि विदेशी मुद्रा का अभाव है। दूसरे यह कहा है कि दामों में जो बढ़ोतरी हो रही है, उसको रोका जाए, उस पर अंकुश लगाया जाए। तीसरे यह कि खाद्य समस्या हमारे यहां गम्भीर है और इसको हल किया जाए। मैं एक साधारण सी बात पूछना चाहता हूं। जिन वस्तुओं को हम बाहर से मंगा कर विदेशी मुद्रा खर्च करते हैं, क्या उन वस्तुओं में कमी की जा सकती है या नहीं की जा सकती है, क्या इस पर भी आपने कभी विचार किया है? बड़े दुःख के साथ मुझे कहना पड़ता है कि हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री जी जब तक प्रधान मंत्री रहे एक छोटी सी गाड़ी इस्तेमाल करते रहे, उसका प्रयोग करते रहे। लेकिन आज मैं देखता हूं कि जो डिप्टी मिनिस्टर भी हैं या स्टेट मिनिस्टर भी हैं या दूसरे मिनिस्टर भी हैं वे फौरेन गाड़ियां इस्तेमाल करते हैं और स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन से वे गाड़ियां लेते हैं। क्या यह साधारण सी चीज अमल में नहीं लाई जा सकती है कि जिस तरह से हमारे प्रथम प्रधान मंत्री जी छोटी गाड़ी का प्रयोग करते थे और हमारे मौजूदा प्रधान मंत्री जी भी करते हैं, उसी तरह से दूसरे मिनिस्टर साहिबान भी करें। हमारे देश में बनी हुई गाड़ियों का अगर इस्तेमाल हो तो यह जो विदेशी मुद्रा का सवाल है, यह कम से कम एक वस्तु के मामले में कम हो सकता है।

[श्री गौरी शंकर कक्कड़]

इधर जो व्यय हो रहा है, इसको तो रोका जा सकता है। होता यह है कि खुद तो आप आराम की चीजें इस्तेमाल करते हैं और वे चीजें इस्तेमाल करते हैं जो कि निसेसेटीज नहीं हैं बल्कि लग्जरीज हैं। उन पर कभी भी ध्यान नहीं दिया जाता है। आपको तो देश के सामने आदर्श उपस्थित करना चाहिये, एक नमूना रखना चाहिये। इस तरह की चीजों से बचा जाना चाहिये।

अब मैं एक बहुत ही गम्भीर विषय की ओर आता हूं। मैंने शुरू में कहा है कि बजट का सम्बन्ध किसी भी राष्ट्र के हर एक व्यक्ति के जीवन से होता है। मैं खुद साम्यवादी विचारधारा का नहीं हूं परन्तु एक सदस्य के नाते और एक वकील के नाते मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। क्या लोकतंत्र यह है कि आप जिन व्यक्तियों को चुनाव लड़ने की इजाजत दें ? अगर कोई व्यक्ति चुनाव में विजय प्राप्त कर लेंगे तो आप फिर उनको असैम्बली का कारोबार सम्भालने की आज्ञा नहीं देंगे मैं तो कहूंगा कि यह आर्टिकल 191 जो कांस्टीट्यूशन का है और जिस में अयोग्यता की परिभाषा दी हुई है, उस में अभी यह चीज नहीं आती है। किस तरह से आप असैम्बली के मैम्बरों को हटा सकते हैं उस कार्य में शामिल होने से ? डिसक्वालिफिकेशन में इस तरह की चीज नहीं आती है। मैं तो यहां तक कहने के लिए तैयार हूं कि यह एक बहुत बड़ा मखौल आप जनतंत्र का उड़ा रहे हैं। अगर कोई देश द्रोही लोग हैं तो आप उनके खिलाफ चार्जिज लायें, उनके आंकड़े लायें देश के सामने चीज को आप सिद्ध करें। मैंने व्हाइट पेपर पढ़ा है शुरू से आखिर तक। हमारे गृह मंत्री ने एक सिनौपसिस दिया है, सन् 62 से ले कर और आखिर तक। जो प्रस्ताव पास हुए हैं जो काम हुए हैं उनकी एक समरी दी हुई है। कोई ऐसा ओवर्ट एकशन सामने नहीं है जिस के आधार पर आप उनका ट्राइल करके देश के सामने यह सिद्ध कर सकें कि वाकई वे देश द्रोही हैं। मेरा मतलब केरल में साम्यवादी वामपंथी से है। मैं तो यह कहूंगा कि अगर जनता इस संकल्प पर पहुंची है, इस निर्णय पर पहुंची है और उन को विजयी करती है अपने वोट के द्वारा तो फिर देशद्रोही कौन हैं इस के बारे में हमें सोचना है।

एक चीज मुझे यह कहनी है कि जगह जगह पर आप खुद कांस्टिट्यूशन की अवहेलना करते हैं। आप के कांस्टिट्यूशन में इस चीज का संकेत है कि आप कम से कम 14 वर्ष तक की एजुकेशन फ्री कर देंगे। लेकिन अगर आप देखिये तो आप को मालूम होगा कि अभी तक इस का कोई भी प्राविजन इस बजट में नहीं किया गया है और इतने वर्ष समाप्त होने के बाद भी फ्री एजुकेशन के सम्बन्ध में, जिस का आप ने संकल्प लिया है, पूरा नहीं हुआ और संविधान का खंडन हुआ है।

मैं पूछना चाहता हूं कि समाजवादी अर्थव्यवस्था को लाने के लिए आखिर क्या जरिया होगा। स्वर्गीय प्रधान मंत्री कोआपरेटिव सेक्टर पर बड़ा जोर देते थे। वह कहते थे कि सहकार समितियां बनाओ। मुल्क के लिये वह एक खास नारा था। किन्तु आज होता यह है कि सहकारी सेक्टर को सरकार इग्नोर करती है। इसका कारण यह है कि जो प्राइवेट सेक्टर के व्यक्ति विशेष हैं वे इस बात को नहीं चाहते कि किसी भी तरह से कोआपरेटिव सेक्टर को प्रोत्साहन मिले। आज मेरे सामने मैसूर स्टेट के आंकड़े हैं। उपाध्यक्ष महोदय, वह खुद आप की स्टेट है। वहां पर एक लाख 25 हजार एकड़ भूमि गन्ना उत्पादन के लिए मौजूद है। तुंगभद्रा का क्षेत्र है जहां पर आज साल

डेढ़ साल से कोआपरेटिव शुगर मिल खुलने के लिए दरख्वास्त पड़ी हुई है, परन्तु सरकार लाइसेन्स की ओर ध्यान नहीं देती। केवल इस लिये ध्यान नहीं देती कि कुछ बड़े आदमी जिन में हमारे सदन के सदस्य भी हैं, उन का इंटरेस्ट इस में क्लैश करता है, अगर कोआपरेटिव सैक्टर में शुगर मिल खोली जाये। मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि जिस स्रोत के द्वारा देश में समाजवादी आर्थिक व्यवस्था वास्तविक रूप से आ सकती है उस स्रोत को आप बराबर ठुकरा रहे हैं लेकिन फिर भी आप संकल्प कर के चिल्ला कर के कहते हैं कि हम अपने देश में समाजवादी आर्थिक व्यवस्था लाना चाहते हैं।

आज असल बात यह है कि जब कभी कोई मसला फैसले के लिए सामने आता है तो मतभेद इतना जबर्दस्त होता है जिसका ठिकाना नहीं है। कभी समाजवाद के लिये ओवर एन्थ्यूज़ियाज्म हो जाता है और कभी कैपिटलिज्म के लिये ओवर एन्थ्यूज़ियाज्म हो जाता है। और सारी चीज चूं चूं का मुरब्बा बन जाता है। इतना कन्फ्यूज़न हो जाता है कि इस में जो हमारे यहां के बहुसंख्यक लोग हैं, हमारे नागरिक हैं उनका जरा भी लाभ नहीं होता है। केवल कुछ इने गिने लोगों का, चाहे आप उनको कैपिटलिस्ट कहें या कुछ और कहें, लाभ होता है।

हमारे सामने बहुत से आंकड़े हैं। बहुत दिनों की कोशिशों के बाद मिनिस्टर साहब ने आंकड़े यहां पर दिये कि मिल मालिकों की तरफ से कुल 6 करोड़ और 22 हजार रु० पोलिटिकल पार्टीज को दिये गये। लेकिन उन में से 98 लाख से कुछ अधिक हमारे शासक दल को ही दिये गये।

आंकड़ों के आधार पर और राज्य के कारनामों के आधार पर यह जो बजट बनाया गया है उसमें मुझे केवल एक बात की प्रशंसा अवश्य करनी है। एक लाख से ज्यादा पापुलेशन वाले स्थानों पर प्रापर्टी की मार्केट वैल्यू पर जो 4 परसेंट का कर लगाया गया है वह अवश्य सही मालूम पड़ती है। बहुत दिनों से इस बात की मांग थी कि अगर रूरल एरियाज की प्रापर्टी पर सीलिंग होती है तो अरबन प्रापर्टी पर भी सीलिंग होनी चाहिये। और इस तरह का कदम अब उठाया गया है। और भी जो चीजें इस बजट में रखी गई हैं, जो रिलीफ थोड़े बहुत इंडिविजुअल टैक्स पेअर को दिये गये हैं उन पर भी मैं संतोष प्रकट करता हूं। परन्तु यह आशा करना कि नाम मात्र के लिये भी समाजवादी व्यवस्था कायम करने के लिये यह बजट बना है यह ठीक नहीं है। अगर कोई प्राविजन किये भी जायेंगे, कोई कानून बनाये भी जायेंगे तो उनका ठीक से पालन नहीं होगा। हम देखते हैं कि कानूनों को इम्प्लिमेंट करने के वास्ते, उन को बरतने के लिये यह सरकार बिल्कुल गलत कदम उठाती है जिसके कारण देश की हालत दिन प्रति दिन खराब होती चली जा रही है।

Shri Man Sinh P. Patel (Mehsana): I am not a good student of economics nor I can understand the method of financing a budget, either over-estimating expenditure or under-estimating revenue.

Shri Sham Lal Saraf (Jammu and Kashmir): Both are bad.

Shri Man Sinh P. Patel: However, I can understand the budget and the method of financing it, as a man-in-the-street understands it. Initially, everyone has felt that at least there are no heavy taxes and some small surplus has been envisaged in the present budget and hence it should be accepted as a very fair attempt by the hon. Minister to give a balanced budget.

While going through some of the paragraphs of the budget speech, I

[Shri Man Sinh P. Patel]

have gone through them with only one aspect in view, namely whether the tax reliefs given to the corporate sector and the tax reliefs at the personal level have been equitable. I am constrained to say that the budget has not been looked with an equitable spirit at one and all. After all, how many are there in this country with an income above Rs. 4000, and who pay tax? According to my memory, from what I have learnt in the past, the number would not come to more than 15 to 16 millions in the whole of the country. If the real spirit of the budget is such that it cannot check the inflation in the prices or reduce it, then the remaining people in the country as a whole will have no advantage whatsoever by whatever relief may be shown in taxation.

On the other hand, so far as the corporate sector is concerned, we find that even though that sector has been given so many concessions, still from whatever hon. friends representing industry have said, and especially from whatever has been said in the Delhi city surcharged with the Chambers of Commerce conference and so on, it appears that some injustice is still done to the industries and no concession worth the name is being shown to them and as a result of it there will be some stagnation in the growth of the economy and private capital would not be coming forward for new industries.

I shall illustrate my point by giving just one small example. A person with an income of about a lakh of rupees is given a concession of Rs. 5500 or so. How many people are there in this country who have an income at the level of one lakh of rupees? What was the special urgency for the hon. Finance Minister to give concession to these people? I could understand if the concessions would have been restricted to people with incomes up to Rs. 25,000 or so. But in the name of concessions in personal taxation, we find that the concessions have been extended to the income level of one lakh of rupees. There would be only a small number of people who could get this benefit in this country. This is most inequitable according to me.

Then, let us take the case of the corporate sector. My hon. friend Shri Morarka had said that there were special favours shown to the co-operative sector. But I would submit that in spite of the desire that we have to develop the co-operative sector, not much of a special treatment has been given to the co-operative sector. Take the case of the sugar co-operatives and one or two mill co-operatives which have been well settled in this country at the moment. They have to pay the same taxes except that there is an initial rebate up to Rs. 15,000 and there is a different slab up to Rs. 40,000. When we want to give special encouragement to the co-operative sector, it is very necessary that it should be treated very much differently, and by doing so, we create also a third sector in this country because we find that a rosy picture is not being drawn of the public undertakings. I am always in favour of public undertakings.

Some of our Swatantra friends wanted to show that the public undertakings as a whole have miserably failed to yield any return, and only the railways are in a position to give a surplus, and that the overall picture of return is hardly 0:22 per cent in the country. The facts are otherwise. I do concede that some public undertakings in the initial three or four years cannot, owing to the method adopted by government machinery, cannot come up. Here I would like to draw the attention of the House to a very recent speech of a well-known Ex-Finance Secretary and Ex-Defence Secretary and the present Chairman of the Gujarat State Electricity Board, Shri H. M. Patel, while opening the Dhuvaran thermal project which our hon. Prime Minister went to inaugurate. He said: this with reference to how normally a department of the

Finance Ministry or Commerce Ministry functioned:

"I have felt particularly unhappy where procedural rigidity delay has led to serious delays. Urgent shipments of equipment, flown out at considerable additional cost, were mercilessly and unimaginatively held up by the customs at the airports for days. Similiarly, import licences for replacement of equipment damaged in transit were issued in a leisurely manner after a scrutiny which on the face of it was clearly not necessary. Other similar bottlenecks could be mentioned. Suffice it to say that a sense of urgency is the one quality that is conspicuously lacking in some of our official machinery today. And it is so difficult to instil it. I was quite seriously told by one senior official, who must necessarily remain unnamed, that 'People came to us showing time schedules, which they themselves never intend to adhere to; why should we accept your schedules?' He may have had some justification based on his experience, but I also had justification for being indignant, since I really did mean business. His eventual relenting must have been due to his being convinced of the genuineness of my indignation".

So if there is any fault anywhere, it is in the machinery which delays the effective functioning of public undertakings, delays keeping the capital unutilised or resulting in wasteful expenditure for a number of years. In my own humble way, I have a small experience of having put up a dairy factory in the co-operative sector. I have looked into the different projects, different government undertakings. I can say they are never completed in four or five years. For this period, the capital lies stagnant, unproductive. This being so, how is it possible to expect the public undertakings to yield the expected results in that period. On the contrary, if such projects are sanctioned in the co-operative sector, we have found that they have shown results, that they can go into production within a period of two years and start yielding results. If this is done, naturally many maxims quoted by the hon. Finance Minister in connection with efficiency in the public enterprises and efficiency in their productive operation and better results can be attained.

I come from Gujarat. The hon. Finance Minister has said that States are requiring loans for expenditure for development puroses according to the Plan programme. I want to ask whether there is equitable distribution of these loans according to the needs and requirements of each State. I do concede that under-developed States do require more grants and loans. But till what time? I have a pamphlet with me prepared by the Chamber of Commerce of Gujarat. Here it is made out that Gujarat is being considered as a well-developed State due to the misfortune of it having been a part of the bilingual State of Bombay and hence its income correlated with the Bombay income. I want to compare three or four States—Punjab, Madras, Kerala and Gujarat. Let us first take the scheduled castes and scheduled tribes population. The percentage of Scheduled Castes and Tribes population to the total population in these four States is as follows Punjab 20:45, Madras 18·76, Kerala 9·75 and Gujarat 19:98. The percentage of Scheduled Castes and Tribes in urban areas is as under: Gujarat 29:4, which is the maximum in India; Kerala 12·8, Madras 21 and Punjab 11·6.

Development of roads and generation of electricity are clear signs from which we can see whether industries have come up or the rural area has been developed. I do concede that the textile industry is in Ahmedabad, but that should be no reason for equating Gujarat with the former Bombay State. I shall now give the figures to show the backwardness of Gujarat in the matter of roads and electricity. Road mileage per hundred

[Shri Man Sinh P. Patel]

square miles is as follows in the four States: Gujarat 23, Kerala 82, Madras 71 and Punjab 43. Road mileage per lakh of the population is as follows: Gujarat 78, Madras 105, Punjab 96 and Kerala 71. In the matter of electricity everybody knows that Kerala or Madras are highly developed. The total number of towns and villages electrified as percentage of total towns and inhabited villages is as follows in the four States: Kerala 98·61, Madras 45·95, Punjab 16·85 and Gujarat 4·99.

Now, let us see the share of income-tax and Central Excises that Gujarat has got in the past according to the recommendations of the Finance Commission. In the case of Gujarat, the collection of income-tax during 1963-64 was Rs. 1,965 lakhs, of which the share of the State came to Rs. 576 lakhs. Collection of Central Excises in Gujarat during 1963-64 was Rs. 6,804 lakhs, of which the share of the State came to Rs. 976 lakhs. Gujarat should be given at least its proper proportion in this respect. But here is a newly formed State which actually requires much more assistance for its development. Because it formed part of the well-developed former Bombay State, it does not mean it should now be neglected, or its case should not be considered.

The *per capita* tax revenue in the four States is as under: Gujarat Rs. 22, Kerala Rs. 19·6, Madras Rs. 19 and Punjab Rs. 20·7. So, as among these States the tax effort of Gujarat is the greatest. As for the financial assistance given to the State by the Centre, I am not able to quote the figures for the First and Second Plans because it formed part of Bombay State. For the Third Plan, the figures for the four States are: Gujarat 48·08 per cent, Kerala 65·88 per cent, Madras 65·29 per cent and Punjab 58·08 per cent. Gujarat gets the lowest share here.

So, I would earnestly urge on the hon. Finance Minister to re-scrutinise and re-estimate the needs of Gujarat for its development. There should be new formulae in proper perspective and it should be given whatever are its legitimate dues. A friend of mine had an occasion to visit America very recently. He being elder to me, I asked him: what are your impressions? "Well, Mr. Patel," he said, "the opinion is there that a country which cannot defend itself, cannot free its territory from foreign occupation, and cannot feed itself has no existence on earth." I earnestly urge the hon. Finance Minister. Is this applied to our country as a whole? After 16, 17 or 18 years of independence, we are not in a position to defend ourselves. The honour of the Indian personnel had been sullied; they had been humiliated. There cannot be any spirit of honour in our army, if they are once humiliated and we do not get back that honour. Some day it will come, I do not know when. There is the promise and pledge of this House to the country, that we will redeem our territory. Are Rs. 700 crores and odd sufficient for our defence forces? Are preparations going on as is understood by the country? There is that fear. No doubt the emergency is there, but go to any part of the country, anywhere, in the streets or in government offices, do you feel that emergency is existing anywhere. I am afraid because I may not be in the know of things. My hon. friends there may know more than I do. Is there no complacency? Are you not providing more money to them because the defence services are not capable of utilising usefully more money? Two years back, in the initial year of this heavy taxation, 45 per cent of the total estimated revenues went to the defence services. This year, it is hardly 33 per cent. I am not concerned very much with percentages. It is a matter for the hon. Finance Minister and the Government to judge: Is there no complacency? Whatever maximum expenditure that the defence services could usefully incur, had they been allotted that amount? Are they not complacent by this feeling, at this moment, there is no direct invasion or aggression going on . . .

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member may conclude now.

Shri Man Sinh Patel: I come to my last point, Sir, agricultural production. This morning I read in the papers the hon. Finance Minister's statement in the Rajya Sabha, about the taxes on diesel oil used for agricultural purposes. Some points must have been argued there and he had replied to them. If I do not return to my original profession of law, my main source of income is agriculture. I have got my diesel engine which I use for agricultural purposes. In the last six years, the cost of a barrel containing 48 gallons had increased 105 per cent, from Rs. 45-46 in the year 1956, they had gone up to Rs. 98—101 per barrel in this year. The Finance Minister had been kind enough to announce that diesel engines might be subsidised. I also remember a statement by the previous Food Minister, Shri Swaran Singh in Gujarat that they were envisaging something to subsidise the excise duty on agricultural consumption. The subsidy on diesel engines will not suffice, it may be an initial subsidy, a non-recurring subsidy. We want recurring subsidies on the actual use of diesel oil for agricultural production. In Gujarat there is no flow irrigation; there will be no major flow irrigation until the Narmada project comes up. In a district of two parliamentary constituencies from where I come. There are not less than 30,000 oil-engines working today. There is a scheme of the Government to subsidise the supply of electricity. But electricity cannot reach all the areas. When the initial remunerative price for wheat was pronounced for the current year by the Government, it was my misfortune in those days to be in my Parliamentary constituency. I was asked by many of the people, "Mr. Patel, is this the price at which your Government are likely to purchase it?" I said, "No; the Gujarat Government is not likely to make a compulsory levy. If there is a fall in the price, then alone the Government will come in. Otherwise, you need not worry." So, there is a marginal difference in the production cost in respect of irrigation through the oil engines. I am surprised why the attention to the Government has not been drawn to this fact by the official sources of the Agriculture Ministry.

I would like to urge earnestly on the hon. Finance Minister that only oil-engines can be procured by the lowest class of people, people who are holding hardly five to eight acres of land for the maintenance of their families working on their fields. Therefore, they need a subsidy and unless that is given, they will never feel that this relief in personal taxation which is being given has ever passed on to the agricultural classes.

Shri R. N. Reddi (Nalgonda): Mr. Deputy-Speaker, Sir, one of the most important problems that is facing the country today is the raising of agricultural production. After 17 years of Independence, we see that agriculture in the country is totally backward, and we do not know how much time it will take to make our country self-sufficient in the matter of agricultural production. In spite of the efforts made, the yield per acre in India is almost the lowest in the world or, I should say it is one of the lowest in the world. We produce about 800 lb of rice per acre. Compare this with the world's average per acre yield which is 3,000 lb. This is the state of affairs and this is so after 17 years of our Independence. I do not know what will be the future of food production in the country. Every year, we depend on the import of foodstuffs and that is from America. We spend hundreds of crores of rupees on that. Even on shipping charges, we spend our foreign exchange. If this continues, then this is a very dangerous situation. This is happening not only for one or two years: it goes on for years. Of course, if there is drought or if the climatic conditions are not favourable, certain countries do import certain amount of grains, but our imports have become a perennial feature and it is a very dangerous

[Shri R. N. Reddy]

situation in which our country is put. How can you depend upon other countries for your foodstuffs year by year, decade by decade and what is going to happen to our Independence, if the countries supplying grains to us refuse to do so? These are very important questions that face our country. The Food Ministry will have to take stock of this problem.

I would like to deal with only a few probelms concerning agricultural production in India. I shall first take up the question of land reforms. At the beginning of our Independence, two very good reforms were promulgated by this Government. One was the abolition of Princely States and the other was the abolition of statutory landlordism. They were really good which helped to remove the feudal fetters on agriculture and improve production to a limited extent. But after that, the ruling party which professes socialism, and in spite of that no agricultural reform worth the name has come within the last 15 years. Even the waste land is not properly distributed. I do not say that nothing has been done. Things are being done, but the other factors are also coming in the way which the Government should take that into consideration. There is what is called the popu'ation explosion. I do not say that production has not risen. It has risen, but population has risen more. That is a hard fact. In order to solve the problems, we will have to go far quicker than what we are doing today.

Certain tenancy legislation and ceiling Acts have been passed in diffeent State but that has not yielded any rent States but that has not yielded any land to the tiller. An examination of these Acts and the actions of those Governments will show that facilities have been given to the landlords to circumvent the law and successfully see that land does not got to the tiller. The law has remained only on paper, practically nothing has been gained by the tiller.

The ruling party talks much of co-operative faming. Inspired by the mock fight that went on in the press between the ruling party and the Swatantra party for and against co-operative farming. I corresponded with the Andhra Pradesh Government for registering a cooperative farm near my village. The name of the village is Nagireddipalli. 150 acres of land were being tilled by the Harijans jointly for the last half a century. I wanted the Government to register a society and see that it developed properly. I had to correspond for 2½ years to get the society registered and another 1½ years to see that loan of Rs. 4000 was given to them for sinking a well and for purchase of an electric motor, because it is an electrified village. After that, nothing else is done and the society is now in a moribund condition. I am corresponding with these people without any effect. That is the attitude of the ruling party towards cooperative forming, which if well-organised and helped in the shape of not only loans, but grants, can function very well. But they only profess socialism for name's sake.

In the agricultural field, every aspect is in a very bad condition. If it is not improved, things will go from bad to worse. Take fertilisers. Use of fertilisers can improved production very quickly. But what is the position of fertiliser production and their utilisation in India? On an average we use 2½lbs of fertiliser per acre. Our UP friends talk much, but their use of fertiliser is the worst. Next comes probably Assam. In Andhra our average use is 6 lbs per acre. If you just compare these to certain contries in the world which are surplus in food, the figures are really surprising. Whereas we use 2½ pounds, New Zealand uses 534 pounds per acre, Netherland uses 406 pounds per acre, Belgium uses 337 pounds per acre, Germany uses 253 pounds per acre and Japrn uses 324 pounds per acre. When we come to fertiliser production we see that we in India produce only

about 95,000 metric tonnes whereas USA produces 2,68,000 tonnes, Germany 11,80,000 tonnes, Japan 10,30,000 tonnes and even East Germany produces 3,34,000 tonnes. These are some very surprising figures. I stress upon this point because the use of fertiliser is a sure way of doubling our production especially in the irrigated fields.

I can tell you something from my own experience. In certain parts of Andhra we produce 20 bags of rice per acre on an average which comes to five times the Indian average. This is mostly because of fertilizers. There the fertiliser is sold at a blackmarket rate. Of course, there is backwardness among the peasantry—I agree. That must be removed also. But I say that after these 17 years of independence we have not solved the food problem. If this is the state of affairs after 17 years, we do not know when and how this Government is going to solve this problem. Even the cost put upon this fertiliser is prohibitive. The so-called concession given by the Ministry of Agriculture is very meagre. It is not within the reach of the poor agriculturists to go in for it. You talk of concessions to the corporate sector, this sector and that sector. But what about the agricultural sector which is the most important sector in the country? No concession is given in this budget. We expected certain concessions to this sector. We expected certain concessions in the field of electricity for agricultural and other aspects. Nothing has been given in this budget by the Finance Minister.

Then I come to the question of distribution of fertilisers. This year I think it is being done through co-operatives. It is a good method. But the co-operatives are nests of politics. They are generally in the hands of the ruling party. How to avoid it? The Government will have to take proper steps to see that politics is not mixed with fertilisers.

Dr. M. S. Aney.: Politics is not mixed with co-operation.

Shri R. N. Reddi: Co-operation and also fertiliser. Co-operation is mixed up with politics and when fertiliser is distributed through co-operatives the fertiliser also gets mixed up with politics. That is the difficulty with the co-operatives today that are functioning in our country.

15.59 hrs.

[SHRI THIRUMALA RAO *in the Chair*]

It was the duty of the Government to ensure that the required amount of fertiliser was manufactured in this country. They have wasted 17 long years. Today we are just in a position to manufacture a lakh tonnes which is nothing compared to the vastness of our country. If the Government really wants to solve the problem, along with agrarian reforms the manufacture of fertiliser should be taken up on a war footing and they should see that sufficient fertiliser is manufactured in this country. Even international supply is going down. Every country is trying to see that its fertiliser is being used by its own land. Therefore, the Government must take up the manufacture of fertiliser in a big way and then only we will be able to double the production. My own experience tells me that if fertiliser is properly used and in proper quantities in irrigated areas the production can easily be doubled.

16 hrs

Then I come to the question of irrigation. For a balanced economy, for a self-sufficient economy in a country at least 30 per cent of the sown land must be irrigated. Then alone can we have a self-sufficient economy. What is the position in India today after seventeen years of independence? We have irrigated only 18 per cent of the sown area today. So, the pace of irrigation must be speeded up. Our engineering services must be geared up, not only in efficiency but also in speed. This is very essential. Unless efficiency is mixed up with speed, our projects are

[Shri R. N. Reddy]

not going to come up in time. For example, take the case of Tungabadra in Andhra and Mysore State. The work was begun in the year 1944 and it is still incomplete. The high-level canal is still under construction. It has taken 21 years from 1944 to 1965. Of course, I have gone and seen the magnificient feats of engineering They are good. But what is the use if they take 20 years to complete the construction of a project? Population explosion would have taken place during those 20 years. If we complete the construction of our projects at that rate, we will never be able to become self-sufficient even if we take a century.

In this connection, I would like to put forward the claim of Andhra State for the Nagarjunasagar project. It is one of our national projects and it is one of the biggest in the country, after Bhakra-Nangal. The responsibility of constructing this project is put on the province which is unjust. We are a surplus State and we are supplying grains to the rest of India. So, we feel that it is not only our project but it is a national project. Therefore, the Centre should take up the responsibility of constructing it.

What is the position in Andhra State? Nagarjunsagar is a white elephant for the State Government. Every year it has to spend Rs. 15 crores. May be that loans are advanced but then the whole thing is included in the Plan. The result of this expenditure is that in Andhra Pradesh the backward areas are suffering. They are not able to get either electricity or small irrigatoin projects. I repeat it is a national project and so it should be taken up by the Centre. I do not know why the Central Government is hesitating to take it up.

Lastly, I come to co-operative credit. Now the peasants are getting credit at an usurious rate of interest, ranging from 8 to 10 per cent. The Reserve Bank is giving money to the State Government and the Apex banks at the rate of 2 per cent. But when it reaches the agriculturist the rate goes up to 8 or 10 per cent. I do not understand how the rate increased to that extent. They say that they have to build up Apex bank and the central Bank. If that is so, I think it would be better to close down all those banks for the present and arrangements are made for the peasants to get the loan direct from the Reserve Bank by opening its branches in key villages. If it results in the rate of interest going up to 3 or even 4 per cent, it does not matter. The building up of the intermediary institutions can be postponed for the time being, say, for 20 years. When we have solved our food problem then we can have the luxury of developing these intermediary banks. Today, cheap credit is one of the most important problems that is facing the peasants. If we can give the peasants cheap credit and sufficient credit, the short-term, medium-term and long-term credit, at 2 to 3 per cent, it will be a boon to them and that will go a long way in increasing the agricultural production in the country.

With these points, I conclude.

श्री श्रीनारायण दास (दरभंगा) : सभापति महोदय, इस बजट पर जो वाद विवाद इस सदन में हो रहा है इसको ध्यान में रखने से पता चलता है कि वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है वह किसी भी तरह से संतोषजनक नहीं है । मेरा ख्याल है कि चूंकि अभी हम ने मौजूदा हालत में मिली जुली अर्थ व्यवस्था की कल्पना क है और साथ ही साथ यह भी आदर्श अपने सामने रखा है कि हमारी अर्थ व्यवस्था समाजवादी हो, इन दोनों दृष्टिकोणों को सामने रखते हुए जो आलोचना इस बजट की की जा रह है उस में आश्चर्य नहीं होना चाहिये । एक तरफ स्वतंत्र पार्टी और जो पूंजीवादी व्यवस्था के समर्थक हैं वे इसकी आलोचना इस लिये करते हैं कि इसमें विकास के लिये

जिस इन्वेस्टमेंट की जरूरत है उसके लिये कोई भी सहूलियत नहीं दी गई है या पर्याप्त सहूलियत नहीं दी गई है । दूसरी ओर जो समाजवाद में विश्वास करने वाले भाई हैं वे कहते हैं कि हर तरह की सुविधा उन्हें लोगों को दी गई है जिनके पास धन है, सुविधा है और जो सुखी हैं, सम्पन्न हैं । गरीबों के ऊपर बढ़ता हुआ भार थोड़ा कम भी किया गया लेकिन वह प्रभावशाली नहीं है, वैसा नहीं है जिस से उनका भार सचमुच हलका हो सके । ऐसी स्थिति में वित्त मंत्री की स्थिति की कल्पना की जा सकती है कि जिस मनोवैज्ञानिक स्थिति से वह गुजर रहे हैं और जिस प्रकार का सिद्धांत हम ने अपने सामने रखा है, और जैसा कि कहा गया कि हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री ने हमारे लिये जो विरासत छोड़ी है कि देश के अन्दर जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाते हुए हम समाजवाद की स्थापना करेंगे, उस में आर्थिक नीति का निर्धारण करना वित्त मंत्री के लिये कितना कठिन है । मिलीजुली अर्थ व्यवस्था में बजट की आलोचना मिली जुली हो, कटु हो और मीठी हो, तो इस में कोई आश्चर्य की बात नहीं है, और जिस तरह से हमारा यह सदन संगठित है जिस में विभिन्न आदर्शों को मानने वाले लोग मौजूद हैं, उसमें इस तरह से कटु और मीठी दोनों तरह की आलोचना बजट की की जाये तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये ।

एक तरफ हमारे जनसंघ के नेता ने कहा कि कर्ज से हम देश को दबाये चले जा रहे हैं, हम बिल्कुल बैंक्रप्ट हो रहे हैं, इससे हमारा कोई आदर होने वाला नहीं है, दूसरी तरफ कर लगाये जाते हैं तो धनी लोगों पर लगाये जाते हैं और धनी लोग कहते हैं कि हम को विकास के काम में लगाने के लिये बचत नहीं होती है, सारा का सारा पैसा कर में ले लिया जाता है, हम विकास का काम कैसे कर सकते हैं । तीसरी तरफ से जो गरीब लोग देश में हैं, जो मूक हैं, जिनके पास अखबार नहीं हैं, प्रचार भी नहीं है, यहां थोड़े से सदस्य हैं जो उन की तरफ से बोला करते हैं उन पर भी भार अधिक ही है । वे कहते हैं कि सारा भार देश की जनता पर लदता चला जा रहा है । इस सब के बाद भी सब कोई चारों तरफ से कहते हैं कि देश की गरीबी नहीं मिटाई जा रही है, देश का विकास नहीं हो रहा है । मैं समझता हूं कि इस तरह की जो समालोचनाएं हैं उनमें वित्त मंत्री का घबरा जाना कोई अस्वाभाविक बात नहीं है । वित्त मंत्री रह कर इन बातों का निर्णय करना भी कठिन होता है । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह की हमारी अर्थ व्यवस्था अभी है, उस अर्थ व्यवस्था के ऊपर जो दबाव है, जिसके बारे में आर्थिक समीक्षा में जिक्र किया गया है और हमारे माननीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में भी कहा कि इन बातों का ध्यान रखते हुए बजट का निर्धारण किया गया है, वह संतोषजनक है और इसके लिए कोई विशेष शिकायत करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिये । खास कर तब जब कि वित्त को कठिनाई होते हुए भी आयोजना के लिये धन जुटाने का, देश की सुरक्षा के लिए धन देने का, खेती के क्षेत्र में, निगम के क्षेत्र धन देने का प्रयत्न किया और व्यक्तिगत कर में और उत्पादन शुल्क में कमी की है, बजट का समर्थन ही किया जाना चाहिए । हमको उनका आभारी होना चाहिए कि ऐसे संकट के समय में भी उन्होंने जनता के भार को कुछ हलका करने का प्रयत्न किया है ।

जो मूल्यों में चिन्ताजनक वृद्धि हो रही है उसका हमारी अर्थ व्यवस्था पर बड़ा दबाव पड़ रहा है । विदेशी मुद्रा के सम्बन्ध में कठिनाई होती जा रही है साथ ही साथ विभिन्न परियोजना में जो रुपया खर्च किया गया है उनमें उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है इसलिए हमारी मुद्रास्फीति बढ़ती जा रही है । चालू योजना में जो विकास हो पाया है उसको संतोषजनक नहीं कहा जा सकता, और हमारी जो बैलेंस आफ पेमेंट की स्थिति

[श्री श्रीनारायण दास]

है वह भी संतोषजनक नहीं है। ऐसी स्थिति में, जैसा कि आर्थिक समीक्षा में कहा गया है, इस बजट को बनाते समय इन चार पांच बातों पर ध्यान रखा गया है :

(क) कृषि जन्य पदार्थों के उत्पादन में तत्काल वृद्धि,

(ख) प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में गैर सरकारी पूंजी लगाए जाने को प्रोत्साहन,

(ग) सरकारी क्षेत्र की प्रायोजनाओं के कार्य में सुधार,

(घ) मुद्रा और राजस्व के क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक नियंत्रण,

(ङ) निर्यात में जोरदार वृद्धि और उन आयातों में, जिनके लिए वित्त की व्यवस्था सहायता कार्यक्रम और विदेशी निवेश कार्यक्रम के अन्तर्गत न की जाती हो, अत्यधिक कमी करना, और

(च) अत्यावश्यक वस्तुओं के वितरण की व्यवस्था में सुधार।

अब हम इन ६–७ कसौटियों पर इस बजट को कसते हैं तो हम इसको असंतोषजनक नहीं कह सकते।

इस सम्बन्ध में पहली बात जिसका मैं जिक्र करना चाहता हूं वह है मूल्य। यह बात सही है कि हमारे माननीय मंत्री ने पिछले कई वर्षों में राजस्व सम्बन्धी और मुद्रा सम्बन्धी कई कार्यवाइयां की हैं जिससे उन्होंने सोचा था कि मूल्यों को रोक सकेंगे, लेकिन हमें मालूम है कि इन सब कार्रवाइयों के बावजूद वे मूल्य को रोक नहीं सके हैं और आज हमारी जनता मूल्य के बढ़ जाने के कारण अनेक प्रकार की कठिनाइयों में पड़ गयी है और उसे अनेक प्रकार की असुविधाएं हो गयी हैं। ऐसी स्थिति में भी हमारे देश की जनता क्यों इतने कर भार को संभाले हुए है और क्यों हर बार कर लगाने वाली पार्टी का आम चुनावों में समर्थन करती है, इस पर हमें गौर करना चाहिए। इस देश की जनता पढ़ी लिखी नहीं है, फिर भी उसकी साधारण बुद्धि जबरदस्त है, वह समझती है कि अगर आज की पीढी ने त्याग नहीं किया, अगर आज की पीढ़ी ने कष्ट नहीं उठाया, असुविधाओं को नहीं झेला तो आगे आने वाली संतानों को सुख और सम्पन्नता नहीं मिल सकेगी। इसीलिए बार बार कर लगाते रहने पर भी जनता कांग्रेस पार्टी का आम चुनावों में समर्थन करती है। इसका जबरदस्त कारण यही है कि जनता यह भली भांति समझती है कि अगर आज की पीढ़ी कष्ट नहीं झेलेगी तो उसकी संतान को सुख नहीं होगा। जनता जानती है कि अगर आज उस पर कर नहीं लगाए जाएंगे तो आने वाली पीढ़ी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसीलिए जनता कांग्रेस पार्टी का समर्थन करती है। इसी कारण आज कई वर्षों से साधारण जनता ने कर भार को संभाल रखा है और आज आप ने उनकी जो मदद की है उसके लिए वह कृतज्ञ हैं। लेकिन जो निम्न श्रेणी के लोग हैं उनको किसी खास प्रकार की सहायता नहीं मिली है। कपड़े पर जो कर घटाया गया है उससे उनको कुछ सहायता मिली है, लेकिन बाकी चीजों पर जो आपने उत्पादन शुल्क घटाया है उसका असर साधारण जनता तक नहीं पहुंचा है। मैं अनुरोध करूंगा कि वित्त मंत्री जी इस बात का ध्यान रखें कि निम्न श्रेणी की जनता मध्य निम्न श्रेणी की जनता और निम्नतम श्रेणी की जनता के ऊपर जो कर का भार है इसको घटाना चाहिए। इन लोगों से सम्बंधित एक चीज पर उन्होंने कर घटाने की बात सोची थी लेकिन उस कर को घटा नहीं सके। वह चीज है केरोसीन तेल जो कि आज भी, नाना प्रकार के प्रकाश के साधनों के होते हुए भी, देश की लाखों और करोड़ों झोंपड़ियों

में ढिबरियों में जलता है । इसलिए मेरा निवेदन है कि अगर माननीय वित्त मंत्री लाल किरोसिन के तेल पर कुछ कर घटा सकें और इसकी घोषणा कर सकें तो हिन्दुस्तान की यह जनता सचमुच में, चाहे थोड़ा सा ही सही, उनके बजट का समर्थन कर सकेगी ।

एक बात जिसकी तरफ कई माननीय सदस्यों ने ध्यान आकर्षित किया है वह यह है कि हमने जो रुपया जनता से करों के रूप में वसूल करके सार्वजनिक क्षेत्र के कारखानों में लगाया है, उससे जितना मुनाफा होना चाहिए था उतना नहीं हो रहा है, उससे जितना पैसा सरकारी खजाने में आना चाहिए था वह नहीं आ रहा है । इसकी तरफ मैं भी मंत्री महोदय का ध्यान खींचना चाहूंगा ।

हमारे पब्लिक सेक्टर में जो उद्योग स्थापित किए गए हैं वे स्थापित किए जाने चाहिये थे और उनमें उत्तरोत्तर वृद्धि होनी चाहिये, लेकिन मेरा निवेदन है कि उनके काम की बराबर देखभाल और समालोचना होती रहनी चाहिये ताकि इन कारखानों में हम जो जनता की गाढ़ी कमाई की पूंजी लगाते हैं उससे उचित मुनाफा हो । इस पर पूरा ध्यान देना चाहिये । इन कारखानों के खर्च में कमी किस प्रकार की जाये इस पर ध्यान देना चाहिये । मेरा विचार है कि कई खर्चों को कम किया जा सकता है । ऐसा करके इनको आगे बढ़ाया जाना चाहिये ।

एक बात की तरफ मैं और ध्यान खींचना चाहता हूं । आप जानते हैं कि प्राइवेट सेक्टर ऐसी अवस्था में है कि देश के विकास के काम में पूरा भाग ले सकता है । लेकिन उनको जो भी सुविधा दी जाती है उसको नाकाफी समझते हैं । उन्होंने एक ऐसा वातावरण देश में पैदा कर रखा है कि हम जो पैसा कारपोरेट सेक्टर में लगाते हैं वह कम है । हम देश के विकास का जो काम करते हैं उसका वे बराबर विरोध करते हैं । और वे लोग यह दिखाते हैं कि उनको इतनी रियायत देने पर भी बचत नहीं हो पाती और बचत नहीं होती इसलिये वे रुपये का निवेश कैसे करें । और अगर निवेश नहीं होगा तो देश का विकास कैसे हो सकता है । वे देश के विकास के लिए पूंजी लगाने में अपनी असमर्थता बताते हैं । दूसरी तरफ पबलिक सेक्टर में हम कारखाने खोलते हैं तो उनकी समालोचना करते हैं । वे स्वयं विकास के काम में सहयोग नहीं देते हैं और जब कोई काम पबलिक सेक्टर में खोला जाता है तो उसका विरोध करते हैं, उसकी समालोचना करते हैं । कहा नहीं जा सकता कि उनका मंशा क्या है । क्या वे देश के काम में सहयोग नहीं करना चाहते ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । इस देश के जो धनी और सम्पन्न लोग हैं जो कि पूंजी लगाने की अवस्था में हैं वे, जनता ने और संसद ने जो निर्णय किया है कि हम अपने देश में समानता की व्यवस्था कायम करेंगे, देश में समाजवाद की स्थापना करेंगे, उस निर्णय को सफल बनाने की दिशा में नहीं सोचते । वे इस बात को नहीं सोचते कि किस प्रकार वे देश का विकास करने में और देश को समाजवादी ढांचे पर लाने में सहायता कर सकते हैं । इसके विपरीत वे बराबर इस बात की मांग करते हैं कि उनको व्यापार में अधिक नफा कमाने में मदद की जाए । अभी जो दिल्ली में आल इंडिया फेडरेशन आफ चेम्बर्स औफ कमर्स एंड इन्डस्ट्रीज का सम्मेलन हुआ उसमें भी यही मांग की गयी । आज प्राइवेट सक्टर में जो उद्योग हैं उनकी सहायता करने के लिये अनेक कारपोरेशन स्थापित किये गये हैं, जैसे इंडियन फाइनेंस कारपोरेशन, स्टेट फाइनेंस कारपोरेशन, स्माल इंडस्ट्रीज फाइनेंस कारपोरेशन और यूनिट ट्रस्ट आदि । ये संस्थायें प्राइवेट सेक्टर को पूंजी देती हैं । मैं इनका विरोधी नहीं हूं । लेकिन मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि खेती के क्षेत्र में जहां क्रेडिट की बड़ी आवश्यकता

[श्री श्री नारायण दास]

है, और जिस पर बजट बनाते समय बहुत जोर दिया गया है उसके लिये आपने सहायता देने की कोई व्यवस्था नहीं की है। रिजर्व बैंक कोआपरेटिव सेक्टर में कुछ मदद करता है, लेकिन वह एक महान संस्था है, उसके पास बहुत जिम्मेवारियां हैं। वह खेती के लिये और कोआपरेटिव सेक्टर के लिये जितने क्रेडिट की आवश्यकता है उसकी पूर्ति नहीं कर सकती। इसलिये मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है और संसद् में इस पर बार बार जोर दिया गया है कि वे खेती के लिये और कोआपरेटिव सेक्टर को मदद देने के लिये एक अलग बैंक की स्थापना करें जिससे कि इस क्षेत्र को समय पर रुपया मिल सके। अगर ऐसा किया गया तो मैं समझता हूं कि खेती के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने में समय नहीं लगेगा। आज खेती के लिये जितने वित्त की आवश्यकता है वह नहीं मिल पा रहा है। और कोआपरेटिव सेक्टर को भी जिसे सहायता की आवश्यकता है वह उसे नहीं मिल पा रही है। उसके लिये एक अलग बैंक की स्थापना होनी चाहिये।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को खेतिहारों की आकस्मिक घटनाओं के कारण ग्रसित हो जाने पर भी सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिये। यह आकस्मिक घटनायें कभी अनावृष्टि के रूप में होती हैं, कभी अतिवृष्टि के रूप में होती हैं तो कभी ओला पड़ने के रूप में होती हैं और खेतिहरों को उनसे बचाने के लिये जरूरी है कि एक देशव्यापी संगठन किया जाये। खेती की जो उपज हो उसका बीमा कराने के लिये कोशिश की जानी चाहिये। अगर कृषि उपज का बीमा करने की कोशिश की जाएगी तो जनता उसमें अधिक से अधिक पूंजी लगायेगी क्योंकि उसको यह विश्वास रहेगा कि अगर किसी वजह से, किसी आकस्मिक घटना के कारणवश हमारी उपज बर्बाद हो जायेगी तो उसकी क्षतिपूर्ति किसी हद तक हो जायगी और वह तबाह होने से बच सकेंगे।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार टैक्स वसूल करने की मशीनरी को अधिक मजबूत व सक्रिय बनाये। जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा है बावजूद इसके कि टैक्सों में कुछ कमी की गई है, यहां पर टैक्सों का जो स्तर है, चाहे वह व्यक्तिगत टैक्स हो या और कोई टैक्स, अन्य देशों की अपेक्षा यहां पर वह ऊंचा है और मंत्री महोदय ने भी इसको माना है कि हमारे टैक्स सब से ऊंचे हैं। लेकिन हो यह रहा है कि यहां पर धनी और अधिक धनवान हो रहे हैं और गरीब और अधिक गरीब होते चले जा रहे हैं। इस का कारण यह है कि जो टैक्स नियत किया गया है उस टैक्स की वसूली सख्ती से नहीं की जाती है। सरकार का जो संगठन है, टैक्स इकट्ठा करने की जो सरकारी मशीनरी है उसमें भी कमियां हैं। आज जरूरत उस संगठन को मजबूत बनाने की है और उसमें से कमियां दूर करने की है। जब तक सरकार अपनी टैक्स इकट्ठा करने की मशीनरी को बिलकुल दुरुस्त नहीं कर लेंगे टैक्सों को बढ़ाते जाने से कुछ विशेष होने वाला नहीं है। मेरा तो ख्याल है कि अगर सरकार मौजूदा टैक्सों को ही सख्ती के साथ वसूल करवा सके तो हिन्दुस्तान में और कोई टैक्स लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी और विकास का काम ठीक प्रकार से सम्पन्न होता जायेगा। इसलिये जो टैक्स वसूल करने की मशीनरी है उसको ठीक करने की जरुरत है और उसमें से मौजूदा त्रुटियों को दूर कर देना चाहिये।

सरकार को देश में ऐसे इलाके जोकि पिछड़ और अविकसित हैं उनकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिये और उनके विकास के लिय अधिक धनराशि की व्यवस्था करनी चाहिय। इसी तरह का एक पिछड़ा हुआ

इलाका हमारा उत्तरी बिहार का है वहां पर कोई भी उद्योग धंधे नहीं हैं और मैं चाहूंगा कि उस इलाके का विकास कार्य सरकार तेजी के साथ अपने हाथ में ले और वहां पर उद्योग आदि स्थापित करे। न केवल उत्तरी बिहार बल्कि देश में जहां भी इस तरह के पिछड़े हुये और अविकसित क्षेत्र हों, उन इलाकों की ओर सरकार ध्यान दे और उन स्थानों पर उद्योग धंधे स्थापित करने चाहियें।

बस एक अन्तिम बात कह कर मैं समाप्त किय दे रहा हूं। यह जो अभी कमेटी बिठाई गई थी महालोबीस कमेटी, उसने अपनी रिपोर्ट दी थी और उसने उसमें कहा था कि बावजूद इस बात के कि सरकार बहुत सी कार्यवाहियां कर रही है फिर भी देश में जो आर्थिक असमानता है, आर्थिक विषमता है वह भारी असमानता अभी भी दूर नहीं हो पाई है। मैं उनकी रिपोर्ट के 73 वें पैरे को पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :—

"Despite all the countervailing measures taken, which have been recounted above in the report, concentration of economic power in the private sector is more than what could be justified as necessary on functional grounds, and it exists both in a generalised and in a specific form."

मैं समझता हूं कि हमारे संविधान की जो निदेशक नीति है, डाइरैक्टिव प्रिंसिपल्स ओफ स्टेट पालिसी है उसको हर वित्त मंत्री को बजट बनाते समय अपने सामने रखना चाहिये ताकि वह यह देख सकें कि वे उस बजट को बनाते समय जो निर्देशक सिद्धान्त हैं उनको किस हद तक पूरा कर पा रहे हैं? इसके साथ ही मैं यह भी चाहूंगा कि जब बजट पेश किया जाय तो आर्थिक समीक्षा में जो हमारे कांस्टीटयूशन के अन्दर डाइरैक्टिव प्रिंसिपल्स ओफ स्टेट पालिसी हैं उनका किस हद तक पालन किया गया है उसके संबंध में भी सरकार की तरफ से वक्तव्य आना चाहिये और अगर ऐसा किया जायेगा तो समझ में आ सकता है कि किस हद तक हमने संविधान के निर्देशो का पालन किया है। इन शब्दों के साथ जो बजट के प्रस्ताव है उनका मैं समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि मंत्री जी जो निम्न श्रेणी के लोग हैं उनको राहत देने की व्यवस्था करें। अगर वित्त मंत्री ने जो करों में थोड़ी छूट दी है इस छूट को आप निम्न श्रेणी के लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं तो किरोसीन आयल, जो लाल मिट्टी का तेल है उस पर से डयूटी को हटा दें और आपके ऐसा करने से अभी निम्न श्रणो के लोगों को जो राहत या सहायता बहुत कम पहुंच पाती है उनको भी इससे राहत पहुंच सके। मैं इन शब्दों के साथ बजट प्रस्तावों का समर्थन करते हुये अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री बालकृष्ण सिंह (चन्दौली) : सभापति महोदय, मान्यवर वित्त मंत्री जी ने बजट को बड़ी बुद्धिमानी से बनाया है। आलोचना से बचने तथा सहानुभूति प्राप्त करने की कला के ज्ञाता हैं। देखने में यह बड़ा आकर्षक है लेकिन भविष्य ही बता सकता है कि इसका लाभ सर्वसाधारण को होता है या नहीं। देश के जिस स्वरूप की हम कल्पना करते हैं, जिस समाज की हम रचना करना चाहते हैं, उस उद्देश्य की पूर्ति इस बजट से होती है या नहीं विचारणीय प्रश्न यही है। जहां तक मैं समझता हूं उसकी पूर्ति इससे नहीं होती। हां सर्वसाधारण को सुविधा देने की दिशा में यह एक कदम है। यह शुभ लक्षण है और इसके लिये मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। मैं इसका स्वागत करता हूं। समाजवादी समाज की परिभाषा चाहे जो हो परन्तु देश चाहता है कि उसकी गरीबी दूर हो। गरीब अमीर का अन्तर समाप्त हो। चिकित्सा की सुविधा हो, बच्चों की शिक्षा का उचित प्रबन्ध हो। कृषि की उपज बढ़े। उपभोग

[श्री बालकृष्ण सिंह]

की वस्तुओं का उत्पादन देश में हो और सस्ती कीमत पर उपलब्ध हो ।

ग्राम पंचायत से लेकर केन्द्रीय सरकार तक अधिकारियों और कर्मचारियों का दृष्टिकोण बदले और वे अनुशासित हों । अधिकार की भावना का परित्याग कर सेवा भावना से प्रेरित हों ।

देश के नेताओं का भी कर्त्तव्य है कि वे देश में ऐसा वातावरण पैदा करें कि इस की एकता बढ़े और देश समृद्धिशाली हो सके । उन को अवसर मिला है कि देश में चेतना पैदा करें । सदियों की गुलामी से दबी हुई आत्मा को जगा सकें, देश के करोड़ों नर नारियों को सन्देश दें कि देश का निर्माण हो रहा है उस में उनको हिस्सा बटाना है ताकि उसका विकास हो सके, दुनिया में उचित सम्मान मिल सके और इसकी सीमाओं की रक्षा हो सके । सब से बड़ा दोष जो आज आ रहा है वह अनुशासनहीनता का है । राजनीतिज्ञों में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों में समान रूप से यह दोष फैल रहा है । यह बड़ा चिन्तनीय है । अगर देश में अनुशासन बनाय रखना है तो सब से पहले हमें अनुशासित रहना है । हम अगर अनुशासित नहीं हैं तो दूसरों को अनुशासित नहीं रख सकते । दूसरा दोष जो आ रहा है वह यह है कि हम अपनी बात सुनाने की ज्यादा कोशिश करते हैं और दूसरों की बात हम सुनना कम पसन्द करते हैं । उदाहरण के तौर पर मैं निवेदन करूंगा कि प्लानिंग कमिशन अपना ब्लू प्रिंट, योजना बनाता तो है ग्रामीण क्षेत्रों के लिये लेकिन ग्रामीण लोग क्या चाहते हैं उसको वह सुनन पसन्द नहीं करता है । यह देश का बड़ा दुर्भाग्य है । प्लानिंग दरअसल नीचे से होनी चाहिये । ग्रामीण लोग क्या कहते हैं, किसान लोग क्य कहते हैं, उसको सुनने की ज्यादा आवश्यकता है ।

यह मैं नहीं कहता कि यह दोष हमारी पार्टी में नहीं है । यह दोष हमारी पार्टी में भी है लेकिन कम है जबकि विरोधी दलों में यह बहुत अधिक है । उनमें अनुशासन-हीनता आ रही है । अब इस समय यहां पर देखें कि विरोधी दल वाले गायब हैं । जब उन्हें अपनी बात सुनानी होती है तो वे चले आते हैं लेकिन दूसरों की बात वे सुनना पसन्द नहीं करते हैं ।

समाजवादी समाज बनाने के लिये इन सब बुराइयों को दूर करना होगा । देश में समाजवादी समाज बनाने के लिये समाज को बनाना होगा । जब तक समाज का स्तर ऊंचा नहीं उठता तब तक देश का विकास नहीं हो सकता और भ्रष्टाचार दूर नहीं हो सकता है । भ्रष्टाचार का आकार बड़ा व्यापक है और सभी भ्रष्टाचार दूर करने की बात करते हैं । जो भ्रष्टाचार है वह भी दूसरों को भ्रष्टा-चारी कहता है और जो भ्रष्टाचारी नहीं है उसके लिये तो कहने की बात ही है और उसे तो कहना ही चाहिये । अभी अभी विरोधी दलों की तरफ के दो, एक व्यक्तियों ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ रहा है । मैं यह कहता हूं कि सरकार भ्रष्टाचार को दूर करने में समर्थ है और वह इसे दूर करना चाहती है लेकिन क्या विरोधी दल वाले भी भ्रष्टाचार को दूर करने में सहायता कर रहे हैं ? भ्रष्टाचार केवल आर्थिक नहीं होता । भ्रष्टाचार सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक तीनों होता है । आर्थिक भ्रष्टाचार तो साफ़ है । सामाजिक भ्रष्टाचार गलत, अनैतिक व अवांछनीय तौर पर अपना व्यक्तिगत लाभ करना है । या धन एकत्र करना है । यह सब भ्रष्टाचार में आता है । ये सब बातें भ्रष्टाचार में सम्मिलित हैं । यदि कोई सरकारी कर्मचारी किसी चीज की चोरी करता है और कोई अन्य व्यक्ति चोरी के उस माल का उपयोग करता है,

तो ये दोनों बातें भ्रष्टाचार के अन्तर्गत आती हैं। विरोधी दल भ्रष्टाचार की बात करता है, लेकिन आफ़िसिज़ से जो फ़ाइलें गायब होती हैं, वह उन का इस्तेमाल करता। वकील लोग जानते होंगे कि चोरी करना और चोरी का माल हज़्म करना दोनों चोरी की दफ़ा—दफ़ा ३७९—के अन्तर्गत आते हैं : भ्रष्टाचार दूर करने के लिये यह ज़रूरी है कि हम स्वतः अनुशासित हों और उस के बाद ही हम दूसरों को, चाहे वे सरकारी कर्मचारी हों या कोई अन्य हों, अनुशासन में रहने की आशा कर सकते हैं।

भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि भ्रष्टाचार के कारणों को दूर किया जाये। अगर हम उन कारणों को दूर नहीं करते, तो फिर हम भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं कर सकते। भ्रष्टाचारी कई किस्म के होते हैं। सरकारी कर्मचारियों में भ्रष्टाचारियों की तीन श्रेणियां हैं। एक तो वे लोग हैं, जिन का वेतन कम है और जो अपने परिवार की शिक्षा और चिकित्सा का प्रबन्ध नहीं कर सकते। लिहाज़ा वे किसी तरह से, जायज़ और नाजायज़ तरीके से, रुपया लेने की कोशिश करते हैं। इस लिए यह आवश्यक है कि जो कम वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारी हैं, उन के वेतन में वृद्धि की जाये। उन को इतना वेतन दिया जाये कि वे अपनी और अपने परिवार की परिवरिश कर सकें। तभी उन में से भ्रष्टाचार दूर हो सकता है।

एक किस्म के भ्रष्टाचारी वे हैं, जिनकी भ्रष्टाचार में रुचि है और चाहे जिस तरीके से हो, वे रुपया लेने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों को सख्त सज़ा देनी चाहिये। आज बड़ा दुर्भाग्य है कि अच्छे कामों का पुरस्कार और ख़राब कामों की सज़ा नहीं है और यह भी एक कारण है, जिस से भ्रष्टाचार ज्यादा बढ़ रहा है। मैंने यह बात इस लिए कही है कि ब्लैक मनी आख़िर ब्लैक मनी है और जिस के पास ऐसा धन है, वह दंडित होना चाहिये। वित्त मंत्री ने इस सम्बन्ध में रुपया जमा करने के लिए जो तीन महीने की अवधि दी है, मैं समझता हूं कि वह उचित नहीं है। चूंकि एक व्यक्ति ने गलत तरीके से रुपया कमाया है, इसलिये वह ब्लैक मनी है और उसे उसका डिस्क्लोज़र करना चाहिये और अगर वह नहीं करता है, तो उस को सख्त सज़ा देनी चाहिये।

तीसरी श्रेणी में वे भ्रष्टाचारी हैं, जो भ्रष्टाचार करना तो नहीं चाहते, लेकिन जिन लोगों को अपना काम निकालना होता है और जिन को तरीके मालूम हैं, वे उन को भ्रष्ट कर देते हैं। ऐसे लोगों में पूंजीपति आते हैं।

एक-आध मेम्बरों ने प्राईवेट सैक्टर की बड़ी दुहाई दी और पब्लिक सैक्टर के सम्बन्ध में कहा कि वह कामयाब नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि पब्लिक सैक्टर में फ़ैक्टरियों का खोलना सिद्धान्ततः ठीक है। अगर उस में कोई ख़राबी है, प्रशासन सम्बन्धी कोई ख़राबी है, तो उसे दूर करना चाहिये। पूंजी का एकत्रीकरण समाजवादी आर्थिक व्यवस्था के लिए बड़ा घातक है और पूंजी का एकत्रीकरण इस देश में राजनीति को ख़रीद लेगा। इस लिए मैं इस निश्चित मत का हूं कि अगर समाजवादी आर्थिक व्यवस्था की स्थापना करनी है और देश से भ्रष्टाचार को मिटाना है, तो पूंजी का एकत्रीकरण नहीं होना चाहिये।

अच्छा समाज कैसे बने, योजना आयोग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि जो समाज बनाने का काम है, वह इस देश की

[श्री बालकृष्ण सिंह]

शिक्षण संस्थाओं का है और योजना आयोग ने इस देश की शिक्षा के सम्बन्ध में कोई निश्चित और सुनियोजित योजना नहीं बनाई है। यह शिक्षण संस्थाओं का काम होता है कि वे देश की आवश्यकता के अनुसार नागरिकों को तैयार करें। जैसे उद्योग से निकली हुई, उद्योग में उत्पादित, वस्तुओं की यदि खपत न हों सके और वे वस्तुयें देश की आवश्यकता के अनुरूप न हों, तो वे बेकार हो जायेंगी। वैसे ही इन ज्ञान के उद्योगों से अर्थात शिक्षणसंस्थाओं में अगर ऐसे नागरिकों का उत्पादन न हो सका, जिन की देश को जरूरत है, तो वे सब बेकार साबित होंगे और समाज को अग्राह्य हो जायेंगे। ऐसी स्थिति में देश का विकास नहीं हो सकता है।

शिक्षकों की दयनीय स्थिति से सभी लोग लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। हमारी स्टेट, यू० पी०, में शिक्षकों ने परीक्षाओं का बहिष्कार किया है। सरकार ने भी उन का बहिष्कार कर दिया है कि अगर वे काम नहीं करते, तो कोई बात नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि बहिष्कार का इलाज बहिष्कार नहीं है। शिक्षक बहिष्कार करने के लिए इस कारण मजबूर हुए कि सरकार ने तमाम संस्थाओं और वर्गों की आदत बिगाड़ दी है कि अगर वे हड़ताल करें, पिकेटिंग करें, धरना दें, तभी वह उन की बात सुनती है, तो फिर शिक्षकों के लिए रास्ता क्या है। शिक्षकों के लिए दूसरा कोई रास्ता नहीं है, जिस से वे अपनी मांगों को सरकार के सामने रख सकें। उन लोगों को परीक्षाओं में इनविजिलेटर का काम करने और कापियां जांचने से धन मिलता था। उस धन का नुक्सान कर के भी अपनी मांगों को सरकार के सामने रखने के लिए उन्होंने परीक्षाओं का बहिष्कार किया है। मैं सरकार को आगाह करना चाहता हूं कि अब भी समय है कि सोचें, शिक्षण संस्थाओं तथा शिक्षकों की उपेक्षा भविष्य में बड़ी महंगी सिद्ध होगी। यदि सरकार देश में अच्छे नागरिक तैयार करना चाहती है और देश का स्तर ऊंचा उठाना चाहती है, तो शिक्षण संस्थाओं की तरफ ध्यान दें और शिक्षकों की मांगों की पूर्ति करें। वित्त मंत्री से मेरा अनुरोध है कि वह इस बजट में अतिरिक्त धन की व्यवस्था कर के हर एक स्टेट में शिक्षकों के वेतन में जो कमी है, और महंगाई के कारण उन की जो अनिवार्य आवश्यकता है, उस की पूर्ति करें।

शिक्षा कैसी हो, इस की भी एक योजना तैयार करने की जरूरत है। देश में शिक्षा का माध्यम एक हो, पाठय-पुस्तकें एक हों और निश्चित पद्धति से समूचे देश में शिक्षा का माध्यम राष्ट्र-भाषा हो। मैंने यह बात इस लिये कही है कि अगर शिक्षा की एक प्रणाली राष्ट्र भाषा के माध्यम से सारे देश में नहीं रखी जाती है, तो देश की एकता नहीं रह सकती है। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वह यह दावा कर सकती है कि सीमा के सम्बन्ध में पाकिस्तान तथा चीन के साथ हमारा जो झगड़ा चल रहा है, क्या स्कूलों में सही नक्शों और एटलसों के द्वारा उस के सम्बन्ध में बच्चों को सही जानकारी कराई जा रही है। क्या वे मेप्स और एटलस सही हैं ?

आज इस बात की आवश्यकता है कि सारे देश में एक किस्म की शिक्षा हो। मैं नम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहता हूं कि शिक्षा का माध्यम राष्ट्र-भाषा हो, क्योंकि मैं अनुभव करता हूं कि जब तक राष्ट्र-भाषा शिक्षा का माध्यम नहीं होगी, तब तक हमारे देश में एकता नहीं हो सकती है। मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश के नागरिकों की

योग्यता का आधार अंग्रेजी नहीं हो सकता है। अंग्रेजी ने जन्म दिया है ऐसे लोगों को, जो अंग्रेजी बोलते हैं, अंग्रजी में गाली देते हैं, अंग्रेजी में हंसते हैं और कौन जानता है, शायद वे रोते भी अंग्रेजी में होंगे। मेरे कहने का मतलब यह है कि अंग्रजी विदेशियों ने हम पर थोपी है और उस के कारण हमारी भारतीय भाषाओं का विकास रुक रहा है। हमारे देश की तमाम भारतीय भाषायें एक माला के समान हैं और उस माला में हिन्दी को सुमेर का स्थान मिला है। अगर इन भाषाओं को अंग्रेजी रूपी राहु और केतु से ग्रसने से बचा दिया जाये, तो तमाम भारतीय भाषायें चंद्रमा की तरह और हिन्दी सूर्य की तरह समूचे देश को प्रकाश देंगी।

दक्षिण में भाषा को ले कर जो कुछ हुआ, उस की जितनी भी निन्दा की जाये थोड़ी है। इस सम्बन्ध में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हम अंग्रेजी नहीं चाहत हैं। हम यह भी नहीं चाहते हैं कि हिन्दी के साथ अंग्रेजी सहभाषा हो। अंग्रेजी को हटा कर कोई भी एक भारतीय भाषा हिन्दी के साथ सहभाषा बना दी जाये और उस भाषा का चूनाव अहिन्दी-भाषी प्रदेशों वाले करें त्रिभाषा फ़ार्मूला के अन्तर्गत एक राष्ट्रभाषा हिन्दी, दूसरी वह सहभाषा, जिस को अहिन्दी भाषी प्रदेशों के लोग चुनें और तीसरी, उस प्रदेश की अपनी भाषा को रखा जाये। यदि आज हम इस त्रिभाषाभाष फार्मुले को अनिवार्य करें और सहभाषा किसी दूसरी भाषा को बनावें तो चौदह साल के बाद ऐसे नागरिक हमें मिल सकेंगे जो तीनों भाषाओं को जानने वाले होंगे।

सभापति महोदय : अब माननीय सदस्य समाप्त करें।

श्री बालकृष्ण सिंह : दूसरों को तो 30–30, 40–40 और 50–50 मिनट दिये गये हैं और मुझे दस पंद्रह मिनट ही क्या मिलेंगे ? दस मिनट तो और दीजिये। मैं तो कभी-कभी बोलता हूं।

सभापति महोदय : कांग्रेस के बहुत से मैम्बर बोलने वाले हैं इस वास्ते पंद्रह मिनट से ज्यादा नहीं मिल सकता है।

श्री बालकृष्ण सिंह : दस मिनट तो और....

सभापति महोदय : आर्गुमेंट से कोई फायदा नहीं है। आप जल्दी खत्म कर दें।

श्री बालकृष्ण सिंह : मैं यह कहना चाहता हूं कि विवादों में पड़ कर हम असली बातों को भूल जाते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि ग्रामीणों की अधिक सुविधायें प्रदान की जायें, उनकी उपज कैसे बढ़े इसकी तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाये। अभी हाल ही में पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक पटेल आयोग गया था। उसने चार जिलों जिलों का दौरा किया था। दूसरे जिलों की विकास की जनायें तो दूर रही इन चार जिलों में भी विकास का कार्य नहीं हो सका है। मेरा निवेदन है कि तमाम दुनिया भर की फाइलों और कागजों में उलझे न रह कर आप दहातों में बिजली दें, उपज की सुविधायें प्रदान करें, खाद बीज आदि दें, सिंचाई के साधन उपलब्ध करें ताकि उनका विकास हो सके।

अब मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के बारे में एक दो बातें कहना चाहता हूं। हमारे यहां एक मूसाखांड का बांध बना है। उसमें बरसात में पानी रोका जाएगा। यहां से कुछ पानी बिहार को भी दिया जाएगा और हमारे निर्वाचन क्षेत्र की जो नहरें हैं उनका भी विस्तार हो चुका ह। लेकिन रेलवे ने अभी तक साइफन ब्रिजेज को नहीं बनाया है। मुझे डर है कि अगर इसको नहीं किया गया तो चार सौ मील लम्बी

[श्री बालकृष्ण सिंह]

नहरों पर इसका असर पड़ेगा और पचास हजार एकड़ भूमि को पानी नहीं मिल सकेगा। इस वास्ते इस ओर तुरन्त ध्यान दिया जाना चाहिये।

एक और बात कह कर के समाप्त करता हूं। यह, रामनगर के सम्बन्ध में है। रामनगर में वहां के महाराजा ने जल-कर माफ कर दिया था, पानी मफ्त दिया जाता था। यह विलीनीकरण के पहले की बात है। विलीनीकरण क समय सेंटर के गृह मंत्री ने आश्वासन दिया था कि महाराजा ने जो सुविधायें दे रखी हैं, वहां के नागरिकों को जो सहूलितें दे रखी हैं, उनकी अपनी प्रजा के प्रति जो भावनायें थीं। उनका आदर किया जाएगा। स्टेट गवर्नमेंट पर यह जिम्मेदारी डाली गई थी कि जलकल को दुर्ग से बाहर वह कर दे। स्टेट गवर्नमेंट ने अपनी तरफ से ऐसा न करके पांच लाख रुपया कर्ज के रूप में दिया। अब जल कर लगा कर कर्ज की वसूली की बात हो रही है। यह नहीं लगना चाहिये। सेंट्रल गवर्नमेंट को चाहिये कि वह इस में हस्तक्षेप करे। जो आश्वासन दिये गये थे उनका अक्षरश: पालन होना चाहिये।

हमारे प्रधान मंत्री ने वाराणसी के आगमन पर यह अश्वासन दिया था कि बनारस और रामनगर के बीच गंगा में पोन्टून ब्रिज बनाया जाएगा और इस तरह से रामनगर को वाराणसी से जोड़ दिया जाएगा। इस आश्वासन की भी, मैं चाहता हूं, शीघ्र पूर्ति हो।

Dr. Melkote (Hyderabad): Mr. Chairman, Sir, may I at the outset congratulate the Finance Minister for creating a healthy psychological atmosphere in the country which was, one, felt, continuously deteriorating year after year whenever the budget was presented.

The Minister of Rehabilitation (Shri Tyagi): Sir, I would like to bring to your notice and on record that the Opposition are not doing their duty by the nation. Under these circumstances, we may be permitted to reduce the quorum to 20 so that the work of the House may continue.

Mr. Chairman: I will convey your request to the Speaker.

श्री किशन पटनायक (सम्बलपुर) : कांग्रेस वाले ही क्या कोरम नहीं रख सकते हैं ? क्यों उनको अपोजीशन वालों पर इस मामले में निर्भर रहना चाहिये ?

Shrimati Renuka Ray (Malda): There are many Congress Members present.

Mr. Chairman: Generally, each Member is interested in his own speech; that is the trouble.

Dr. Melkote: Sir, I was saying that I would like to congratulate the Finance Minister for creating a healthy psychological atmosphere in the country which, one was feeling, was deteriorating year after year on the presentation of the budget. For the first time one has seen that the country can go on without further taxation. The relief that has been given has created a good atmosphere in the industrial and richer classes. Recently we had the FICCI meeting where the industrialists protested and said that further relief ought to be given to them. Yes, they would always demand that and it was also correct for the Finance Minister to tell them that no further relief could be given to them. In fact, if any relief had to b given, it is to the common man and not so much to the industrialist or the richer classes.

There is one aspect of the question which I want to bring to the notice of

the House, and it is this. Since the beginnig of the First Plan, the amount of expenditure each year was some where about Rs. 400 crores. Today we are spending about Rs. 2,000 crores, which is five times more. This should have created a climate where in the employment opportunities should have gone up considerably. It is the working class that has produced all this wealth. Because of this heavy taxation, whenever the Finance Minister goes outside India, he is able to say that th common man of India is feeling the pinch because our country is the highest taxed nation. Whenever he goes to the foreign countries with a begging bowl seeking aid he is in a position to tell them that we have taxed our people to the maximum.

We want to maintain democracy. Our people are uneducated but they are getting educated. Un employment and poverty with education creates a kind of revolution. Under these circumstances, if conditions are not created in the country which would give more employment in a democratic setup, things would go out of control. That is why more aid is sought and more is flowing into this country.

If, on the other hand, we give more relief to the industrial class, people outside would say that the economic position of India is getting better and therefore, considerable help is not now needed from outside. That is a point which the Finance Minister has to keep in mind while giving relief to industrialists.

From the point of view of the common man, except for a little relief in the shape of less income-tax which also does not affect the ordinary working class people or the agriculturists, only some small mercies have been shown in the case of cycle-parts or rubber goods. Otherwise, the common man has not got any relief whatsoever. To that extent, he is feeling that this budget has not given him much of rlief.

There is an acute feeling in the country that the prices are going up and the wages have not kept pace with them. Now food is not easily available. No doubt the price structure of food has come down a little at present. But this happens every year during this season. Whether the prices would come down further, not to the detriment of the agriculturist class but to the relief of the common man, it has to be seen. It is a general feautre that between June and September|October the prices sore so high that the common man feels the pinch. Even though we are getting so much of foodgrains from foreign countries and our agricultural production this year is better than that of last year, whether we will be able to hold the price line is another question. At the same time, if there is a steep fall in prices millions of peasants would again blame the Government. So, I would say that the prices should be held at this level and whatever relief has to be given should be given to the working class, particularly the industrial class.

As I have mentioned earlier, during the First Plan over a period of five years we could not spend even Rs. 2,000 crores. Now, by the end of the Third Plan, we are spending Rs. 2,000 crores each year itself. If all this wealth has been produced, it is certainly not merely by machinery or by money; it is the working class that has produced all this wealth. If the Industrial class asks for relief, the working class has also an equal, if not better, right to demand for more relief. But no relief has been given to the working class. Take the question of bonus. What is happening? When the the industrialist is asked to pay bonus to the workers they call bonus a deferred profit. We call it a deferred wage. What is the reason? Nowhere in India, for all these 17 years, the wage structure has come upto the standard of a living wage. By paying the workers a sub-standard wage the industry makes more money. If the industry has made a profit, it is at the sweat of labour and it is by paying less wage than what should have been

[Dr. Melkote]

paid. Therefore, it is a deferred wage that is demanded out of the socalled profit. The so-called bonus is not actually the bonus; it is a deferred wage that is demanded. The industrialist class gets the benefit towards depreciation and various other items like expansion of the industry and all those things. One does not know what happens to many of these things earmarked for use later. Year after year, that is not being carefully followed up. Now the Government have stepped in with their own auditors to check many of these things. Then there is an auditor on behalf of dividend holders themselves. But we the workers who work in the industrial field know what is happening, where corruption is and where leakages are taking place and so many other things. We have been demanding, on behalf of the workers, that an auditor should be appointed by us to look after our interest in this industry so that we can help the Government in pegging the loopholes. This is not permitted. I do not see how in a socialist Government, where the workers have produced all the wealth that is being produced, the workers are not taken into confidence. How could they put in better work? How could they produce more? The idea of more productivity is there. We, on behalf of the INTUC, say that there should be more production and all that because ultimately if more goods are produced goods go round in larger quantity to their benefit. We people believe in it. But whilst we believe in productivity schemes, it is only the industrial class that get the benefit out of this. The working class naturally feel frustrated and they begin to protest. In this atmosphere, when such things are happening how could productivity go up? Sir, it is unfortunate that after the death of our late Prime Minister, we have had two No-Confidence motions this year. There are people in the country who still feel.....

Shri Dharmalingam (Tiruvannamalai): This is an important gentral budget discussion. There should be quorum at least.

Mr. Chairman: He need not insist on it. Let him conclude his speech.

Shri Tyagi: Look at the spectacle of the Opposition benches!

Dr. Melkote: We have had two No-Confidence motions here. There are people in our country who are not loyal to the country itself. They feel that India is still not independent. They are still trying to subvert the Government and the democratic set-up. It is these people who create trouble continuously. The unity that was forged at the time of Chinese aggression may fritter away and may cause trouble in India so that our enemies on the border may look to what is happening inside India and may take advantage of it. This is what they desire. This is certainly not at all good. This situation should not be allowed to persist. And even here it is the working class that has stood firmly by the side of the Government. May I mention what happened in the defence industry itself? We, on behalf of the INTUC, told the defence workers in the ordnance factories, "This is a period of emergency and you should not put in any demand for bettering your conditions of life at this juncture." All these three years, we have not put in any demand whatsoever. We have been working continuously. We said that we do not want any holiday. But the management said, "At least, you take one holiday."

—one holiday is given once a fortnight. But then we asked, "Why do you want to give us holidays? We want to produce more so that the jawans on the front may get the necessary materials quickly." And the management said, it is not the human machinery that is broken but it is the ordinary machine that is breaking

down and that it needs repairs, oiling and cleansing and therefore a holiday has got compulsorily to be given. That is how the workers have been working continuously in this industry. What is the result? People, high-ups, the teachers go on a strike; the gazetted officers of the LIC go on strike and somebody else like the doctors go on strike. An atmosphere is being created in the country that unless there is a strike, no demand will be conceded. Here, we go on slogging and producing all the materials for the jawans and still the Government does not appear to be considering what should be paid to us. Is it necessary to bring all this to the notice of the Government? The Government should look to what is happening to the working class, how they have been working and what incentives are being given to them.

16.55 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

I was talking of the expenditure. May I point out that during these three Plans, the amount of money invested in the industries things comes to somewhere about Rs. 7000 crores? Out of this, nearly Rs. 2800 crores have been spent on the public sector industries. The private sector is expected to make a profit after paying the necessary taxes, such as wealth tax, corporate tax and several other taxes. But so far as the public sector is concerned, on which Rs. 2800 crores have been spent, it is not expected to pay any interest it has not paid any interest so far, and still it is not making any profit. We from the workers' side want the public sector to behave better and set an example to the private sector. On the railways themselves, nearly Rs. 1800 crores have been invested? And what a poor return we are getting from them? Similarly, there is the Sindri factory and other factories on which money has been invested. They are also not yielding good returns. So, we find that the public sector is not able to pay well. The industrial worker is working hard, would like to help the Government in producing more, but there appear to be leakages everywhere, and the machinery does not seem to be working properly; so, it is necessary for Government to look into the method of management and improve the situation so that the public sector pays adequately to plough back for further expansion of industries and for the progress of the country in that direction.

This is one aspect of the question which the working classes in the public sector undertakings have told me repeatedly. The Sindri factory is there, the Barauni Refinery is coming up and then there are the steel plants and so on. In many of these factories, the workers are now getting educated, and they are trying to understand the problems of the management and they would like to step in and try to help the Government, but the idea of improving labour-management relations, which has been tried in a very few industries is not working satisfactorily even in many of the public sector undertakings because the management does not desire to take the workers, even those who belong to the INTUC which is a patriotic democratic organisation and which wants to produce more, into its confidence and try to produce more.

The Finance Minister has to deal with many aspects of this question. On the one side is the Minister in charge of Industry; on the other side is the Minister in charge of Labour. He should effect a proper co-ordination in this matter, and if he does so, he will be able to get more finances into his hands, and the progress that we should achieve may be achieved in a shorter time. It is from that point of view that I am mentioning these things. It is from this point of view that it is necessary for the Finance Minister to look into these various aspects and see what could be done to accelerate production.

[Dr. Melkote]

Then there is the question of unemployment. We have been expecting year after year that the unemployment problem would be tackled properly and there would be more and more employment, and unemployment would come down. In many of the advanced countries, instead of setting up many of the major industries in the cities, they disperse these industries over the whole country. But so far as India is concerned, in spite of the fact that there are backward areas, and there are several ancillary industries which have got to come in, and Government also are talking oftentimes of dispersal of industries, very little seems to have been done in this direction. Fresh employment potential seems to be drying up continuously. It is true that unfortunately we have to spend a lot of money on defence. But even so, even in defence, a number of industries are coming up. And yet the employment potential is not adequate. How long are the people going to wait for and starve themselves? There is the agricultural class, for instance. Incentives are given to the agriculturist to produce more. But what is the incentive given to the industrial class which is producing the various things? This is a question which should be looked into very seriously by the Finance Minister. In certain of the public sector undertakings at least, we can set up an organisation to co-ordinate the efforts and produce results which may be catching in other fields of activity, and if there are workers and organisations that are not doing their best towards increased production and productivity then they can be taken to task.

